अश्विन मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 286 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 10 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## राम व कृष्ण का अपमान पूरे देश का अपमान, राम के बिना भारत अधूरा है : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया में भगवान राम व श्रीकृष्ण को लेकर अश्लील टिप्पणी करने वाले आकाश जाटव उर्फ सूर्य प्रकाश को दोबारा ऐसा अपराध न करने की चेतावनी देते हुए सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीमित नहीं है। इसमें कुछ प्रतिबंध भी है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को दूसरे की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने हाथरस के आकाश जाटव की अर्जी पर दिया है। भगवान राम व कृष्ण के खिलाफ सोशल मीडिया में अश्लील टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने कहा कि राम के बिना भारत अधूरा है। राम व कृष्ण का अपमान पूरे देश का अपमान है। हम जिस देश में रह रहे हैं उस देश के



महापुरुषों व संस्कृति का सम्मान करना जरूरी है। कोई ईश्वर को माने या न माने, उसे किसी की आस्था पर चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम् की रही है। हम सर्वे भवन्तु सुखिनः,सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मां कश्चित दुःख भाग भवेत।। की कामना करने वाले लोग हैं।कोर्ट ने कहा कि याची पिछले 10 माह से जेल में बंद है। मुकदमे का विचारण शीघ्र पूरा होने की संभावना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी दाताराम केस में कहा है कि जमानत अधिकार है और जेल अपवाद इसलिए उसे सशर्त जमानत पर रिहा किया जाए। याची का कहना था कि 28 नवंबर 2019 को किसी ने उसकी फर्जी आईडी तैयार कर अश्लील पोस्ट डाली। वह निर्दोष है और यह भी तर्क दिया कि संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, जिसे अपराध नहीं माना जा सकता।

सरकारी वकील ने कहा कि याची अहमदाबाद में अपने मामा के घर गया था, जहां उसने अपना सिम कार्ड मामा के लड़के के मोबाइल में लगाकर अश्लील पोस्ट डाली है और एफआईआर दर्ज होते ही मोबाइल फोन व सिम कार्ड तोड़कर फेंक दिया। कोर्ट ने कहा संविधान में मूल अधिकार दिए गए हैं। उसी में से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी है। संविधान बहुत उदार है। धर्म न मानने वाला नास्तिक हो सकता है लेकिन इससे किसी को दूसरे की आस्था को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं मिल जाता। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि मानव खोपड़ी हाथ में लेकर नृत्य करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह अपराध है। ईद पर गोवध पर पाबंदी है। वध करना अपराध है। सूचना प्रौद्योगिकी कानून में भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम गैर जमानती अपराध है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीमित नहीं है। राज्य सुरक्षा, अफवाह फैलाना, अश्लीलता फैलाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि अपराध है।कोर्ट ने तांडव सीरीज पर कहा कि अभिव्यक्ति के असीमित अधिकार नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने इंसान को भगवान बनने के रास्ते दिखाए है। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा कि रामायण व महाभारत में भारत की आत्मा के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी के जीवन में भी राम का महत्व रहा है। सामाजिक समरसता रामायण से इतर कहीं नहीं दिखती। सबरी के जूठे बेर खाने से लेकर निषादराज को गले लगाने तक सामाजिक समरसता का ही संदेश दिया गया है। भगवत गीता में कर्म फल सिद्धांत का वर्णन है। आत्मा अमर है। वह कपड़े की तरह शरीर वैसे बदलती है, जैसे बछड़ा झुंड में अपनी मां को ढूंढ़ लेता है। मन शरीर का हिस्सा है। सुख दुख का अहसास शरीर को ही होता है।

### कश्मीर से फिर पंडितों का पलायन, आतंकी हमलों के बाद कई परिवारों ने छोड़ी घाटी

**जम्मू (एजेंसी)।** सरकार कश्मीर घाटी में पंडितों की वापसी के वादे और दावे कर रही थी और हकीकत यह है कि एक बार फिर यहां से पलायन शुरू हो गया है। ताजा आतंकी हमलों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को निशाना बनाए जाने के बाद यहां इस कदर खौफ पसर गया है कि कई परिवार जान बचाने के लिए जम्मू भाग आए हैं। इन कश्मीरी पंडितों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने की मांग की है। हमलों के खिलाफ शनिवार को जम्मू में कई जगह प्रदर्शन हुए। कश्मीर घाटी में 5 दिनों में ही आतंकवादियों ने 7 लोगों की हत्या कर दी। इनमें से 4 अल्पसंख्यक समुदाय के थे और 6 हत्याएं ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में हुई। जम्मू में एक कश्मीरी पंडित ने कहा, "मैं टीचर के रूप में 20 सालों से काम करता आ रहा हूं। प्रमोशन के बाद कुछ साल पहले ही कश्मीर घाटी में लौटा था।

### केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री के इस्तीफे पर अड़ीं प्रियंका गांधी, बोलीं-अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी के बिना न्याय मिलना संभव नहीं

**लखनऊ (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव एवं यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी ने कहा कि लखीमपुर खीरी के पीडि़त किसान परिवारों की एक ही मांग है कि उन्हें न्याय चाहिए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' की बर्खास्तगी और हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के बिना न्याय मिलना असंभव है। शनिवार को ट्वीट करके प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार आरोपी को हाजिर होने का निमंत्रण देकर क्या देना चाहती है? उन्होंने कहा कि सरकार दोषियों को



संरक्षण न दे, सजा दे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के आह्वान पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदेश भर की बाल्मीकि बस्तियों बस्तियों में झाड़ू लगाकर सफाई की और बाल्मीकि मंदिरों में पूजा अर्चना की। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने वाराणसी में सफाई कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए एक सफाईकर्मी को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसजनों ने यह कार्यक्रम आयोजित किया था। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री दलित व महिला विरोधी हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने पूर्व सांसद राजेश मिश्रा के साथ मिलकर वाराणसी कैंट स्थित महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा व पार्क की साफ-सफाई की। दलित स्वच्छकार समाज के मनोज को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता महात्मा गांधी का महामंत्र है।

## चौथी बार पूर्वांचल की धरती से चुनावी बिगुल फूंकेंगे पीएम मोदी, 20 अक्टूबर को कर सकते हैं बड़े ऐलान

**कुशीनगर गोरखपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने चुनावी अभियान के लिए एक बार फिर पूर्वांचल की धरती को चुना है। इसके पहले 2014, 2019 के लोकसभा और 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत भी प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल से की थी। इस बार 20 अक्टूबर को पीएम, तथागत की धरती से कार्यकर्ताओं में मिशन-2022 के लिए जोश भरेंगे। वे कुशीनगर को इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात देने आ रहे हैं। इस एयरपोर्ट को जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थित बौद्ध परिपथ के पर्यटन के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर चमकने की शुरुआत माना जा रहा है वहीं उम्मीद है कि पीएम अपनी जनसभा में पूर्वांचल के लिए कुछ बड़े ऐलान भी कर सकते हैं।

पीएम की जनसभा के लिए कुशीनगर नगर पालिका क्षेत्र के बरवा फार्म को चुना गया है। फार्म की सात एकड़ जमीन पर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। जनसभा में कुशीनगर के अलावा आसपास के जिलों से भी कार्यकर्ता भाग लेंगे। जाहिर है, प्रधानमंत्री यहां से करीब छह महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र तो देंगे ही पूरे पूर्वांचल को अपना संदेश भी देंगे। 2014 में बतौर प्रधानमंत्री उम्मीदवार गोरखपुर के मानबेला में पहली चुनावी रैली करने से लेकर 2017 के विधानसभा चुनाव और 2019 के अपने दूसरे लोकसभा चुनाव के दौरान किए ज्यादातर वादे वे पूरे कर चुके हैं। इस दौरान गोरखपुर को एम्स और फर्टिलाइजर जैसी बड़ी सौगातें, गन्ना किसानों का भुगतान, किसानों की कर्जमाफी और सड़कों-फ्लाईओवरों का संजाल जैसी कई उपलब्धियां वे गिना सकते हैं। इसके साथ ही पीएम, सीएम योगी के कार्यकाल में यूपी के विकास को मिली रफ्तार का भी खास तौर पर उल्लेख कर सकते हैं। हाल में उत्तर प्रदेश की जनता से पीएम का जब-जब संवाद हुआ है, उन्होंने सीएम योगी और यूपी सरकार के कामों की जमकर तारीफ की है।



प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकारों की तारीफ के अलावा प्रधानमंत्री पूर्ववर्ती सरकारों की खामियों को भी जोर-शोर से उठा सकते हैं। वे 2017 की तरह यूपी में भाजपा के मिशन-2022 के लिए 350 प्लस या उससे ऊपर की कोई संख्या को बतौर लक्ष्य कार्यकर्ताओं के सामने रख सकते हैं। गौरतलब कि 2017 के विधानसभा चुनाव में 350 प्लस के लक्ष्य के साथ उतरी भाजपा ने 312 सीटें जीतकर तीन-चौथाई बहुमत हासिल किया था। प्रधानमंत्री की कुशीनगर जनसभा के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश में सियासी सरगमिय्यां तेज हो जाने की पूरी सम्भावना है।

### लखीमपुर कांड पर सिद्धू के एक्शन पर अनिल विज का तंज

## हमेशा के लिए मौन व्रत लें तो देश और कांग्रेस को शांति मिलेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा के गृह और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शनिवार को कांग्रेस नेता नवोजत सिंह सिद्धू पर हमला बोला है। अनिल विज ने कहा, 'कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने मौन व्रत रखा है। अगर वे हमेशा के लिए मौन व्रत रखें तो इससे कांग्रेस और देश दोनों को शांति मिल जाएगी।' कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए अनिल विज ने कहा, 'यह कांग्रेस की अंदरुनी कलह है और जब एक जहाज डगमगाने लगता है तब यह डूब जाता है। इसी तरह वो लोग बार-बार गलत कर रहे हैं। इससे यह पता चलता है कि कांग्रेस की नैया डूबने वाली है। लखीमपुर खीरी कांड पर हरियाणा के मंत्री ने कहा, 'सरकार ने बिल्कुल निष्पक्ष एक्शन लिया है। जब



कभी भी गिफ्तारी की जरुरत होगी...यह जरुरी की जाएगी बिना किसी समस्या के। लखीमपुर खीरी में प्रशासन एक्शन ले रही है और कार्रवाई जारी है।' दरअसल कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू लखीमपुर खीरी घटना के दोषियों की गिरफ्तारी होने तक मौन व्रत पर बैठ गए है। इस पर मंत्री अनिल विज ने निशाना साधते हुए कहा कि लखीमपुर खीरी में प्रशासन अपनी कार्रवाई में लगा हुआ नवजोत सिंह सिद्धू अगर परमानेंट मौन व्रत रख लें तो इससे कांग्रेस ओर देश दोनों को शांति मिलेगी।

बता दें कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मोनू से लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में यहां पुलिस लाइन स्थित अपराध शाखा कार्यालय में पूछताछ हुई है। हिंसा में चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत के मामले में मिश्रा और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने मंत्री के बेटे के पूछताछ के लिए पेश होने के बाद अपना मौन धरना शनिवार को समाप्त कर दिया। आशीष मिश्रा सुबह 11 बजे से पहले विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश हुए। आशीष को शुक्रवार को पुलिस ने दूसरी नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए शनिवार सुबह 11 बजे तक पेश होने को कहा था।

## 12 घंटे की पूछताछ के बाद लखीमपुर कांड का मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी कांड में नामजद अभियुक्त केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा को शनिवार रात 10:50 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 12 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। शासन द्वारा बनाई गई विशेष पर्यवेक्षण समिति के डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने पुलिस लाइन स्थित क्राइम ब्रांच के कार्यालय के बाहर आकर गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि लंबी पूछताछ के बाद हमने पाया कि वे (आशीष मिश्रा) सहयोग नहीं कर रहे, विवेचना में कई बातें बताना नहीं चाहते। इसलिए हम उन्हें गिरफ्तार कर रहे हैं, उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।लंबी पूछताछ के बाद हमने पाया कि वे(आशीष मिश्रा) सहयोग नहीं कर रहे, विवेचना में कई बातें बताना नहीं चाहते। इसलिए हम उन्हें गिरफ़्तार कर रहे हैं, उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले शनिवार की सुबह 10:40 बजे आशीष मिश्रा उर्फ मोनू क्राइम ब्रांच के कार्यालय के सामने अचानक हाजिर हो गए, जबकि उनके



समर्थक उनके पिता के संसदीय कार्यालय के नीचे मौजूद थे। आशीष मिश्रा के साथ लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा, अजय मिश्रा टेनी के प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय और जितेंद्र सिंह जीतू आशीष मिश्रा उर्फ मोनू को लेकर पुलिस लाइन के दफ्तर में आए। सदर विधायक और अरविंद सिंह संजय आगे चल रहे थे और मोनू उनके पीछे-पीछे लंबे लंबे कदमों से क्राइम ब्रांच के दफ्तर की ओर बढ़ते चले आ रहे थे। क्राइम ब्रांच ऑफिस के बाहर खड़ी मीडिया ने मोनू को देखा तो उनकी और प्रतिक्रिया लेने के लिए दौड़ी। इससे पहले कि मोनू कुछ कह पाते पुलिस के दो सिपाही उनको लेकर क्राइम ब्रांच के दफ्तर की ओर लेकर बढ़ चले।

जबरदस्त धक्का-मुक्की के बीच अरविंद सिंह और आशीष मिश्रा मोनू क्राइम ब्रांच के दफ्तर के भीतर घुस गए। बाद में एक बैग देकर अरविंद सिंह संजय बाहर आ गए। डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल पहले से ही ऑफिस में मौजूद थे। आशीष मिश्रा के पेश हो जाने के बाद एसपी विजय ढुल, एडिशनल एसपी अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। इसके अलावा पुलिस विशेष जांच कमेटी के सदस्य पीएसी सेनानायक सुनील सिंह, सीओ गोला संजय नाथ तिवारी आदि भी क्राइम ब्रांच के ऑफिस के अंदर चले गए। इसके बाद दरवाजा बंद हो गया और पूछताछ शुरू हो गई। आशीष मिश्रा से हो रही पूछताछ कई राउंड तक चली। पहले अन्य अधिकारियों ने आशीष मिश्रा से सवाल पूछे और उसके बाद डीआईजी उपेन्द्र अग्रवाल ने खुद कमान संभाली।डीआईजी और पुलिस जांच कमेटी ने आशीष मिश्रा से हर वह सवाल पूछा, जिसका जवाब पुलिस तलाश रही थी। सूत्रों के मुताबिक, बंद कमरे के अंदर आशीष मिश्रा इस बात का सबूत बार-बार दे रहे थे कि वह घटनास्थल पर थे ही नहीं। उन्होंने इस बात को साबित करने के लिए कई वीडियो और शपथ पत्र प्रस्तुत किए। इसके बाद पुलिस के सवालों का चक्रव्यूह बढ़ता गया। कई चरणों में चार-चार अधिकारियों ने मोनू से क्रॉस प्रशन किये। जिनका जवाब देने के लिए आशीष मिश्रा मोनू को तमाम वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत करने पड़े। साथ ही उन लोगों की कथित तौर पर दी गई।

## लखीमपुर हिंसा के विरोध में एसकेएम ने किया "रेल रोको आंदोलन का ऐलान, लखनऊ में महापंचायत भी बुलाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरा हिंसा प्रकरण में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने ऐलान किया है कि वे दशहरे के दिन 15 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन करेंगे। साथ ही एसकेएम नेता योगेंद्र यादव ने आगामी 18 अक्टूबर को रेल रोको का आह्वान किया। एसकेएम की मांग है कि लखीमपुर खीरी हिंसा के मुख्य दोषी आशीष मिश्रा और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी की गिरफ्तारी हो। इसके अलावा टेनी को उनके पद से बर्खास्त किया जाए। योगेंद्र यादव का कहना है कि 12 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा संयुक्त किसान मोर्चा ने 26 अक्टूबर को लखनऊ में महापंचायत भी बुलाई है।संयुक्त किसान मोर्चा ने लखीमपुर हिंसा में योगी आदित्यनाथ सरकार पर सवाल खड़े किए। आरोप लगाया कि सरकार पावरफुल लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है, उल्टा विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है. संयुक्त किसान मोर्चा (एख्ड) ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी की घटना को पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा बताया है।



किसान मोर्चा की कॉर्डिनेशन कमेटी ने शनिवार को दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में प्रेस वार्ता कर किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि किसानों को गाड़ी से कुचलकर कि हमलावरों ने हमें आतंकित करने की कोशिश की थी, लेकिन किसान डरने वाले नहीं है।

वहीं, किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहान ने कहा कि प्रदर्शन कर रहे किसानों के खिलाफ सरकार ने हिंसक रुख अपनाया है। हम हिंसा का रास्ता नहीं अपनाएंगे। हम मांग करते हैं कि केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा और उनके बेटे आशीष को गिरफ्तार किया जाए।इस दौरान एसकेएम नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी कांड की निष्पक्ष जांच के लिए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को हटाकर गिरफ्तार किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने इस साजिश को शुरू किया था। योगेंद्र यादव ने ऐलान किया कि संयुक्त किसान मोर्चा 15 अक्टूबर को दशहरा पर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंकेगा। योगेंद्र यादव का कहना है कि 12 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा संयुक्त किसान मोर्चा ने 26 अक्टूबर को लखनऊ में महापंचायत भी बुलाई है। इसके साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा ने लखीमपुर खीरी कांड के विरोध में आगामी 18 अक्टूबर को देशभर में 'रेल रोको' का आह्वान किया है।

### स्कूल जा रही लड़की को रास्ते में किडनैप करके 5 दरिंदों ने किया गैंगरेप, पीड़िता अस्पताल में भर्ती

**मंगलुरू (एजेंसी)।** स्कूल जा रही लड़की को रास्ते में किडनैप करके पांच दरिंदों ने चाकू की नोंक पर गैंगरेप किया। पीडि़ता की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एक समाचार के मुताबिक, मामला कर्नाटक के दक्षिण कनन्ड़ जिले के अमटाडी इलाके है। पुलिस के अनुसार, घटना शुक्रवार 8 अक्टूबर सुबह सात बजे की है, जब छात्रा अपने घर से स्कूल जा रही थी। बताया जा रहा है कि तभी एक कार उसके पास आकर रुकी और एक शख्स ने बाहर निकलकर छात्रा को जबरन कार में बैठा दिया। कार के अंदर पहले से ही चार अन्य लोग सवार थे। इसके बाद आरोपी छात्रा को एक सुनसान जगह ले गए। फिर बारी-बारी चाकू की नोंक पर छात्रा के साथ रेप किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने ब्रह्मराकूटलू इलाके में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। लड़की शहर के लेडी गोशेन अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने छात्रा के बयान और इलाके के सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त किसान मोर्चा की किसान पंचायत आज

**घूरपुर।** कृषि के तीन कानून को रद करने सहित कई विभिन्न मांगों को लेकर लालापुर के ओटघी गांव में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले आज किसानों की पंचायत होगी ।पंचायत में देश विभिन्न किसान संगठनों के नेता मौजूद रहेंगे। जिसमे उत्तरा खंड के जगतार सिंह बाजवा, एआइके एमएस के महासचिव डॉ आशीष मित्तल, प्रगतिशील महिला संगठन महा सचिव पूनम सहित कई अन्य नेता सभा को संबोधित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी का भीमलाल ने दी ।

### कक्षा में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 12 को

**करछना।** विकास खंड करछना में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर को सरदार पटेल महाविद्यालय सोनाई करछना में रखा गया है। युवा विकास एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें सभी उम्र के प्रतियोगी सहभागिता कर सकते हैं । जो खुली प्रतियोगिता होगी जिसमें करछना विकासखंड के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिसकी जानकारी देते हुए क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के अधिकारी संतोष सिंह ने कहा कि हम सभी को खेल के प्रति जागरूक होना होगा।

# गंगा में स्नान कर रही दो सगी बहने गहरे पानी में समाई, एक की मौत दूसरे की हालत नाजुक





मृत बालिका व घटनास्थल पर पहुंचे जेवनियां पुलिस चौकी प्रभारी आशीष कुमार चौबे

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** थाना क्षेत्र के कनिगड़ा गांव में दो बहनें निक्कू सिंह (16) पुत्री अंजनी कुमार सिंह और आयुषी (14) पुत्री अश्वनी कुमार सिंह गांव के ही गंगा घाट पर शनिवार की सुबह नहाने गई थी। दोनों बहनें नहाने के लिए पानी में उतरीं तो आयुषी सिंह फिसलकर गहरे पानी में डूबने लगी। उसे बचाने के लिए निक्कू सिंह ने गहरे पानी में छलांग लगा दी। दोनों को डूबता देख नहाने पहुंची गांव की एक महिला ने शोर मचाकर ग्रामीणों से बचाने की गुहार लगाई। ग्रामीणों तथा स्थानीय गोताखोरों ने दोनों बच्चियों को बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। पानी के बहाव के कारण कुछ ही दूरी पर ग्रामीणों ने एक बालिका को पकड़कर पानी से बाहर निकाला, दूसरी लड़की का पता नहीं चल पाया। पानी से निकाली गई निक्कू सिंह को इलाज के लिए सीएचसी रामनगर ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण किया तो उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी होने पर घटनास्थल पर पहुंचे जेवनियां पुलिस चौकी प्रभारी आशीष कुमार चौबे ने स्थानीय गोताखोरों को गंगा के पानी में उतार कर लापता बालिका की खोजबीन शुरू कर दी।

## लकड़ी के रास्ते नाला क्रास करते समय गिरकर व्यक्ति की मौत

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र के उधरेगा गांव मे खेतों की तरफ गए व्यक्ति की नाले पर बनी लकड़ी की पुलिया से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के उधरेगा गुनई गांव निवासी श्रीनाथ भारतीया (40) पुत्र स्व पन्नालाल भारतीया शुक्रवार को घर से कुछ ही दूरी पर खेतों की तरफ गए थे। जहां नाले पर लकड़ी की बनी पुलिया से उस पार होते समय गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक को दो पुत्र व चार पुत्रियां हैं। मृतक के परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।



नाले पर बना लकड़ी के इसी पुलिया से गिरकर हुई व्यक्ति की मौत

## न्यूज झरोखा

### लामबंद ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ किया नारेबाजी व प्रदर्शन



**उतरांव।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के खानपुर डांडी गांव में प्रधान की अगुवाई में शनिवार को ग्रामीणों ने लामबंद होकर कोटेदार के खिलाफ अनियमितता का आरोप लगाकर प्रदर्शन और नारेबाजी किया है। ग्रामीणों ने तहसील दिवस हंडिया में शिकायती पत्र और उच्चआधिकारियो को भी पत्र देकर कार्रवाई की भी मांग की है। प्रतापपुर ब्लॉक के अंतर्गत खानपुर डांडी गांव में दर्जन भर मजरे हैं। 3700 सौ मतदाता है।गांव में कुल 700 राशन कार्ड है। इस गांव की आबादी लगभग 6000 लोगों की है। शनिवार को ग्राम प्रधान प्रेमा देवी पटेल के पति राम सिंह पटेल की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने कोटेदार पर वितरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन और नारेबाजी किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार द्वारा फिंगर लगाने के बाद राशन नहीं दिया जाता। वही कोटेदार के बेटे राजकुमार यादव ने आरोप को चुनावी रंजिश बताते हुए कहा कि प्रधान के खिलाफ चुनाव लड़ा था इसीलिए मेरे खिलाफ गलत शिकायत कर रहे हैं।

### वेतन ना मिलने को लेकर बिजली संविदा कर्मियों ने कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी




**घूरपुर।** क्षेत्र के भीटा विद्युत उप केंद्र पर कार्यरत बिजली के संविदा कर्मियों ने दो माह से वेतन ना मिलने को लेकर उपकेंद्र पर विरोध प्रदर्शन किया । कर्मियों ने अवर अभियंता को शिकायती पत्र देकर जल्द से जल्द बकाए वेतन को दिलाने की मांग की है ,साथ ही कहा है जब तक वेतन नहीं मिलता तब तक जरूरी काम को छोड़ अन्य काम नहीं करेंगे। भीटा विद्युत उप केंद्र में तैनात संविदा कर्मियों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिला है ,जिसे लेकर शनिवार के एकत्र होकर कर्मियों ने बैठक कर निर्णय लिया कि जब तक बकाए वेतन का भुगतान नहीं होता तब तक वे जरूरी कार्य छोड़ विभाग के ऑपरेशन आदि कार्य नहीं करेंगे ।विद्युत कर्मियों ने केंद्र के मुख्य गेट पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए अपने मांग पत्र को अवर अभियंता भीटा को सौंपा। इस मौके रोहित कुमार कुशवाहा,फरीद अहमद,रामकुमार,सोनू सिंह,कमलेश कुमार,सुरेंद्र कुमार पटेल,अजय कुमार बिंद,लालजी,विजयराज सिंह,दयाशंकर,महेंद्र प्रताप,बालमुकुंद सिंह,शिवशंकर पटेल आदि दर्जनों कर्मी मौजूद रहे ।

### क्षेत्र का भ्रमण कर बारा विधायक ने सुनी समस्याएं



**शंकरगढ़।** शनिवार को बारा विधायक डॉ अजय कुमार ने तहसील क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और उनकी तमाम समस्याओं को सुनते हुए निदान का आश्वासन दिया ।शनिवार को विधानसभा क्षेत्र बारा में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बारा विधायक ने क्षेत्र के ग्राम कूड़ी,तेलघना, जूही, जूही चौराहा,जिगना, देवरी बेनी, मझियारी, लकोशा आदि ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान तमाम क्षेत्रीय लोगों ने अपने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी समस्याएं भी बताई ।जिस पर विधायक ने तत्काल अधिकारियों से बात कर निस्तारण करने को कहा ।भ्रमण के दौरान विधायक डॉ अजय कुमार ने सरकार द्वारा साढ़े चार साल की उपलब्धियो को बताया और कहा कि हर बूथ तक लोगों से मिलकर सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी देना है, इसीलिए भ्रमण कार्यक्रम किया गया है। भ्रमण कार्यक्रम में मोहन यादव, शिवयश पांडेय, राजेंद्र शुक्ला, विमल सिंह, रामबाबू सिंह अखिलेश सिंह, मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह, छविलाल सिंह, प्रधान परमेश्वर सिंह, पिंटू सिंह, विनोद कुमार सिंह, अंजनी लाल आदि लोग मौजूद रहे।

### उग्रसेनपुर में होगी हिंदी फिल्म की शूटिंग



**प्रतापपुर।** हिंदी फिल्मों के मशहूर पटकथा लेखक व निर्देशक धीरज मिश्रा ने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए शनिवार को टीम के साथ प्रतापपुर, उग्रसेनपुर, वरुणा का दौरा किया ।इस दौरान फिल्म की शूटिंग के लिए विभिन्न लोकेशन का निरीक्षण कर उग्रसेनपुर में संतोष सिंह की कोठी सहित दो अन्य स्थानों पर शूटिंग के लिए फाइनल किया ।इस दौरान उनके साथ उनके स्थानीय मीडिया प्रभारी सूर्या यादव भी रहे ।उन्होंने बताया यह एक देशभक्ति फिल्म है ।इसके पहले भी जय जवान जय किसान, खुदीराम बोस, चापेकर ब्रदर्स देशभक्ति फिल्मों की पटकथा धीरज मिश्रा लिख चुके है ।उनके द्वारा लिखित धारावाहिक कोपा का भी प्रसारण डीडी नेशनल पर हो रहा है।

## भक्तों ने किया मां चंद्रघंटा स्वरूप का दर्शन



कौंधियारा। नवरात्रि के तीसरा दिन जारी बाजार के मंदिरों पंडालों में महिलाओ द्वारा सुबह शाम कीर्तन भजन के साथ-साथ माता का दर्शन व आशीर्वाद ले रही हैं । देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात तक भक्तों की भीड़ रही । मां चंद्रघंटा पापों का नाश करती हैं तथा राक्षसों का वध करती हैं। मां चंद्रघंटा के हाथों में तलवार, त्रिशूल, धनुष और गदा मौजूद रहता है। जानकार बताते हैं कि उनके सिर पर अर्धचंद्र घंटे के आकार में विराजमान रहता है इसीलिए मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप को चंद्रघंटा का नाम दिया गया है। मां चंद्रघंटा की पूजा करते समय आरती तथा मंत्रों का जाप अवश्य करना चाहिए क्योंकि यह बेहद शक्तिशाली माने जाते हैं। इसके साथ भोग के समय मां चंद्रघंटा को दूध से बने व्यंजन और चमेली का पुष्प अर्पित करना चाहिए। तो वही प्राचीन बड़े हनुमान जी मंदिर के महंत बाबा बालक दास जी ने बताई मुख्य बातें नवरात्रि का तीसरा दिन मां चंद्रघंटा को समर्पित होता है, मां दुर्गा का तीसरा रूप बहुत शक्तिशाली माना जाता है ।पौराणिक कथाओं के अनुसार, भक्तों के दुख हरने के साथ राक्षसों का वध करती हैं मां चंद्रघंटा। इस दौरान मंदिर प्रांगण में महिलाएं बच्चों वृद्धों सहित आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### नवरात्र के तीसरे दिन भक्तों की मंदिरों में लगी रही भीड़

**करछना।** शनिवार को शारदीय नवरात्र का तीसरे दिन में क्षेत्र के मंदिरों एवं पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ लगी रही । लोगों ने विधि विधान से मां जगदंबा की पूजा अर्चना किया सुबह से ही मंदिरों में जय माता दी के जयकारों के साथ लोगों की भीड़ मंदिरों में देखी जा सकती है। कई लोगों द्वारा घर में कलश स्थापित कर अनुष्ठान किया जा रहा है। क्षेत्र के करछना बाजार एवं प्राचीन मां काली मंदिर में विधिवत पूजा अनुष्ठान किया जा रहा है । करछना समेत पचदेवरा ,करेहा डीहा, बसही, वरदहा, सोनाई, भरहां, करेहा सहित दर्जनों गांव में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर भक्तगण श्रद्धा पूर्वक पूजन अर्चन में लगे हैं।



### भक्तिरस से सराबोर हुआ प्रतापपुर क्षेत्र...

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के जंघई, चौका, पतवां, पतैंया, जलालपुर, नेदुला, रस्तीपुर, सोरों, खखैचा, बजती, अनुवां, भेलखा, बरियांवा, वारी, बेला सरायममरेज, मियांपुर, सेमरी प्रतापपुर, नेवादा बेला, चनेथू, चंपापुर, महरछा, मठोही, पिलखिनी, भूलेंद्र, झारी आदि स्थानों पर शारदीय नवरात्र मे भव्य पंडालों मे देवी माँ की मूर्ति एवं कलश स्थापना मंत्रोच्चारण के बीच किया गया स्थापना के साथ माँ के जयकारों के बीच पूजन अर्चन आरती प्रतिदिन किया जा रहा है ।जहाँ भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है इसी क्रम मे नवदुर्गा पुजा समिति चनेथू के पंडाल में शनिवार को पूजन अर्चन आरती मे क्षेत्र के दर्शनार्थी महिलाओं बच्चों एवं अन्य भक्तगण शामिल रहे ।इस अवसर पर आचार्य धरणीधर शुक्ला, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, प्रेमचन्द्र शुक्ला, मिथिला शंकर शुक्ला, विनय शुक्ला, पवन शुक्ला, राजेश मिश्र, कृष्णराज शुक्ला, हरिश्चन्द्र शुक्ला, आशीष शुक्ला, बृजेश तिवारी बाबा, कड़ेदिन मौर्य, विपुल तिवारी, कृष्ण कुमार शुक्ला, शिवमणि शुक्ला, शिवम तिवारी, सत्यम तिवारी, अजय शुक्ला, संतोष शुक्ला, अविनाश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा से ही कृषकों में होगा बदलाव : विवेक सिंह






फूलपुर कोरडेट में कृषि योजनाओं की जानकारी देते कृषि निदेशक विवेक सिंह व मौके पर मौजूद क्षेत्रिय किसान।

अखंड भारत संदेश

**कोरडेट के 44वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुई रबी फसल विचार गोष्ठी**

**समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों में जैव उर्वरक व बीज का हुआ वितरण**

**फूलपुर।** आज विश्व में भारत ने कृषि के क्षेत्र में जो सफलता प्राप्त की है उसके पीछे हमारे देश के कृषि वैज्ञानिकों की अच्छी सोच व दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। जो बिना शिक्षा के संभव ही नहीं हो सकती। शिक्षा से ही कृषि में भी बदलाव हुआ है। यह बातें इफको कोरडेट के44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश शासन विवेक सिंह ने उपस्थित कृषकों के बीच शनिवार को कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरी पारदर्शिता से सभी किसानों को उनका हक टोकन के माध्यम से वितरण कर रही है। जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड, बीज अनुदान ,सिंचाई के लिए पाइप, खाद पर छूट प्रमुख है। अध्यक्षता करते हुए कारडेट के अध्यक्ष शीशपाल सिंह ने कहा कि देश की उन्नति के लिए सहकारिता ही सफल माध्यम है। आज देश आजादी के बाद अन्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो चुका है। जिसकी श्रेय इफको कारडेट को जाता है। इकाई प्रमुख इफको फूलपुर संजय कुदेशिया ने कहा कि सहकारिता देश के विकास में सहायक है। हम सभी सहकारिता के लिए समर्पित हैं। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य कोरडेट डीपीएस तोमर द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्रम व माला पहना कर की गई। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कारडेट की गतिविधियां स्थापना से अब तक पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य डीपीएस तोमर ने विस्तार से सभी कृषकों को बताया। मृदा वैज्ञानिक डाक्टर हरिश्चंद्र ने कारडेट फूलपुर द्वारा रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तार से बताते हुए समय-समय पर मिट्टी की जांच कराने की सलाह दी। डीके पांडेय उपप्रबंधक कारडेट ने रबी फसलों की टिकाऊ एवं वैज्ञानिक खेती के नए तकनीकी सलाह देते हुए समय-समय पर कारडेट में संपर्क कर उच्च गुणवत्ता की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। राजेश कुमार सिंह विशेषज्ञ उर्वरक फूलपुर ने रबी फसलों में जैव उर्वरक के प्रयोग से उत्तम उत्पादन प्राप्त करने की व्यवहारिक तकनीकी जानकारी पर प्रकाश डाला। वहीं डॉक्टर आरके नायक मुख्य प्रबंधक कृषि सेवाएं इफको ने उत्तर प्रदेश राज्य में कृषि एवं किसानों के विकास के लिए इफको की गतिविधियों पर विस्तार से बताते हुए किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। डॉ एच एम शुक्ला वरिष्ठ वैज्ञानिक कारडेट में अंगीकृत ग्रामों एवं कार्यक्षेत्र में लगाए गए नैनो उर्वरकों के प्रयोग से लाभकारी खेती का महत्व एवं तकनीकी जानकारी से सभी को रूबरू कराया। इस दौरान कारडेट के सचिव अभिमन्यु राय, प्रबंध समिति के सदस्य आर पी सिंह बघेल व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बीडी सिंह ने भी कृषकों को संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन मुख्य प्रबंधक कारडेट राजेंद्र यादव ने किया। वहीं कृषि उपकरण, बीज संबंधित किसानों को उपलब्ध कराया गया। तथा महिला कृषकों को सिलाई मशीनें वितरण की गई।

## बिजली विभाग की लापरवाही से किसानों की गेहूं की फसल हुई थी राख, नहीं मिला अभी तक मुवावजा

अखंड भारत संदेश

**पांच महीने से दर दर भटक रहे है किसान 11000 तार टूट कर लगी थी आग**

**लालापुर।** गर्मियों के दिन हो या चाहे बरसात कोई आएसा दिन नहीं होता कि कही न कही तार टूट कर न गिरे विजली विभाग से कई बार शिकायत की गई हैं लेकिन आज तक नहीं बदला गया है विजिली विभाग अगर समय आते ध्यान रखें तो हादसे और किसानो की फसलें बर्बाद न हो लेकिन विभाग आँख में पट्टी बांध कर ली है ।हर साल किसानों की फसल बर्बाद हो जाती हैं लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ रहा है ।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विजिली विभाग की वजह से आये दिन हादसे होते हैं और किसानों की खड़ी फसल जल कर राख हो जाती हैं लेकिन विजली विभाग की तरफ से या किसान मंडी परिषद जसरा से अभी तक कोई भी मुवावजा नहीं मिला। हाइटेंसन तार के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से अप्रैल 2021 रविवार को दोपहर लालापुर के अमिलिया गांव में खड़े गेंहू की फसल में आग लगी थी । आग की घटना की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड को भी दी गई थी ।मौके पर पहुंचे दमकल के सहयोग से ग्रामीणों ने आग पर काबू भी पाया गया था उसी बीच बीच आधा दर्जन से ज्यादा किसानों की 15 बीघे से ज्यादा की गेंहू की फसल जलकर राख हो गई थी ।अमिलिया गांव के समीम अहमद ,जुबेर खा, दिलेर खान ,सलीम अकबर ,शाहजहां बेगम ,मुनौअर अली ,अंसार अली आदि लोगों की गेंहू की फसल पककर खेतों में खड़ी थी । अप्रैल 2021 के महीना था दिन रविवार को दोपहर अचानक हाइटेंसन की शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे फसल जलकर नष्ट हो गई तहशील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी और हल्का लेखपाल रामशिरोमणि शुक्ला द्वारा अग्नि समन केंद्र सूचना दी। जिससे मौके पर पहुंचे कर दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया और इन किसानों को आज तक जले हुए किसानों को मुवावजा नहीं मिला है ।हल्का लेकपाल से इस बारे में जब पूछा गया तो उन्होंने कहाँ की मेरे तरफ और तहसील की तरफ से जसरा किसान मंडी को रिपोर्ट जा चुकी है।

# शासन से निर्देश,ग्राम समाज अल्हवा की जमीनें होंगी खाली

डा0 समीम

**ग्राम समाज संपत्ति**

**ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव राजस्व से की थी शिकायत**

**पसना,कोराव।** ग्राम पंचायत एवं भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा द्वारा खुली बैठक में पारित प्रस्ताव दिनांक 21 जून 2021 को लिए गए निर्णय के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा जिला प्रशासन एवं तहसील प्रशासन को भू माफियाओं द्वारा काफी समय से कब्जा की गई गांव समाज की सरकारी जमीनें खाली कराने की मांग पर त्वरित कार्यवाही न किए जाने ग्राम विकास के कार्य अवरुद्ध होने,आवंटन की कार्रवाई में बाधाएं होने पर मुख्य मंत्री तथा प्रमुख सचिव राजस्व उत्तर परदेस सासन लखनऊ से शिकायत की गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने ग्राम समाज की नवीन परती,बंजर,खलिहान,नदी,नाला,रास्ता आदि की जमीनों से अवैध कब्जे खाली किए जाने की मांग उप जिलाधिकारी,तहसील दिवस,आई जी आर एस आदि द्वारा दिए जाने पर कोई कार्यवाही न होने से निराश हो कर मुख्य मंत्री तथा प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ से पत्र भेज कर राजस्व एवं पुलिस बल की टीम से खाली किए जाने की मांग की थी। प्रधान अल्हवा की एंटी भू माफिया अभियान के तहत लोगों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने से बौखला कर प्रधान के खिलाफ लामबंदी शुरू कर दी है। तथा जान माल सम्मान का नुकसान किए जाने की योजना बनाना शुरू कर दिए जिस पर प्रधान शहजादे अल्हवा ने अपनी जान का खतरा की आशंका जताई है। और जिला प्रशासन, सरकार को अवगत किया है सूत्रों से ज्ञात हुआ कि साशन ने जिला प्रशासन को अल्हवा की सारी जमीन ग्राम समाज की अतिक्रमण मुक्त किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। जिससे भू माफिया बौखला उठे हैं और प्रधान के पीछे लगे हैं। बता दें कि ग्राम प्रधान ने ग्राम समाज की जमीनें खाली करा कर बैकुंठ धाम, मनरेगा, पार्क, चेकडैम, बंधे मार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि को स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य शुरू करना चाहते हैं। इस बाबत मुख्य विकास अधिकारी,खंड विकास अधिकारी कोरांव ने भी उप जिलाधिकारी को पत्र लिखा जिस पर ध्यान नहीं दिया गया। इस बाबत उप जिला अधिकारी अभिनव कनौजिया ने बताया कि लेखपाल की टीम लगा कर ऐसे जमीनें खाली करा देंगें।

### क्या बोले प्रधान

मेरा ग्राम श्रमिक बाहुल्य गांव सभा है। भू माफियाओं ने ग्राम समाज की सरकारी जमीनें कब्जा कर रखा है। जिसे खाली करा रहा हूं,जिससे भू माफिया मेरे जान के पीछे पड़े हैं। एक भू माफिया मेरे गांव का एक महिला को मृतक दिखा कर उसकी जमीन लेखपाल को पटा कर अपने नाम दर्ज करा ली। जिसकी शिकायत डी एम से की,जिस पर लेखपाल देवघाट निलंबित हुआ। जिस कारण लोग छुब्ध हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्ट्राचार पे अंकुश लगाईं तो कोटेदार को कार्यवाही के बजाय सकछ्म अधिकारी उसकी मदद करने लगे। मेरे साथ गरीब,मजदूर,लघु सीमांत कृषक हैं,जिन्होंने प्रधान बनाया है। उनका और गांव का समग्र विकास करना है। भूमि हीनों को जमीनें मुहैया कराना है। इसके लिए हर सजा भुगतने को तैयार हूं।



अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे
ग्राम प्रधान अल्हवा कोराव

# कवि सम्मेलन के दौरान कवियों को किया गया सम्मानित

**सहसों।** भाजपा संस्कृति प्रकोष्ठ गंगापार के पदाधिकारियों की अगुवाई में क्षेत्र की चकिया घरहरा गांव में शुक्रवार की शाम को कवि सम्मेलन व कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्कृति प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र की सह संयोजिका डॉ आभा मधुर व विशिष्ट अतिथि जिले के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ने लगभग दो दर्जन से अधिक कलाकारों का माल्यार्पण व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। कवि सम्मेलन की शुरूआत स्थानीय कवि रामसूरत बेसहारा के वाणी वन्दना से हुई ।उसके बाद प्रथम कवि के रूप में प्रातपगढ़ से पधारे लवलेश यदुवंशी ने पढ़ा कि न चीन अमरीका न पाकिस्तान लगता है,सभी मुल्को से सुंदर अपना हिंदुस्तान लगता है। द्वितीय कवि के रूप में वयोवृद्ध कवि लाल जी देहाती ने अपनी अवधी रचनाओं से लोगो को खूब हंसाया। उसके बाद मखदूम फूलपुरी ने पढ़ा कि दुलार करती हो चिंडिया जब अपने बच्चों को,तो कभी उसका शिकार मत करना। उसके बाद हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने हास्य की रचनाओं पर लोगो ने खूब ठहाके लगाए। उसके बाद अमित आभास व बिहारी लाल अम्बर ने भी कविताएं पढ़ खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का सफल संचालन गंगापार के जिला सह संयोजक कवि धनञ्जय शाश्वत ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार शिवसागर मौर्या ने किया। उक्त अवसर पर प्रधान संगठन के मण्डल उपाध्यक्ष क्रांतिगुरु गणेश वल्लभ, किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष मनोज तिवारी, मण्डल मंत्री बिपिन दुबे,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पुष्कर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक बृजेन्द्र पटेल ने सभी अतिथियों, कवियों व श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया।



कवियों को सम्मानित करतीं काशी क्षेत्र की सह संयोजिका डॉ आभा माथुर।

**खबर संक्षेप**

### महोत्सव में रामकथा के साथ-साथ छात्र स्तरीय प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**करछना।** आगामी 18 अक्टूबर से बृजमंगल सिंह इँटर कालेज परिसर मे आयोजित पांच दिवसीय जमुनापार महोत्सव में रामकथा के अलावा जमुनापार के स्कूली बच्चों,कवि कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। महोत्सव का मकसद है कि अपनी माटी, परिपाटी, लोकसंस्कृति, साहित्य, लोकसंगीत, लोककला के साथ-साथ अपनी परंपरा को सहेजे जाए। 24 वें जमुनापार महोत्सव को लेकर रामपुर में हुई बैठक के दौरान यह बातें जागृति मिशन के संयोजक डा0 भगवत पाड़ेय ने कही। बताया कि बीते वर्ष की तरह इसबार भी मंच पर स्वामी विनोदानंद जी महाराज एवं वृदावन से मानस प्रवाचिका साक्षी देवी रामकथा रसपान कराएगी। विशेष कार्यक्रम के रूप में गुरू शिष्य परंपरा एवं आभाषीय शिक्षण व्यवस्था नामक विष पर विद्यालय स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम और समापन दिवस पर कवि सम्मेलन और जमुनापार की विभूति का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। बैठक में स्थानीय कवि, कलाकार, साहित्यकार, समाजसेवी, शिक्षाविद और मिशन के लोग रहे।

# करंट लगने से मां-बेटे की मौत, दो की हालत गंभीर

**सोरांव थाना क्षेत्र के उदयचंद्रपुर गांव का मामला**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र के उदयचंद्रपुर गांव में करंट लगने से मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। साथ ही दो लोग करंट लगने से झुलस गए हैं। घायलों का उपचार चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बिजली का मीटर ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से ननकू राम (35) और उनकी मां चमेला देवी (65) की मौत हो गई। हादसे में परिवार के दो सदस्य झुलस गए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि शनिवार को सुबह करीब दस बजे मीटर में दिक्कत आने से घर की बिजली बंद हो गई थी फाल्ट ठीक करते समय ननकू करंट की चपेट में आ गए। यह देख उनकी मां चमेला देवी बचाने के लिए दौड़ीं और वह भी करंट लगने से झुलस गईं। चीख पुकार सुनकर लवलेश और ललेश भी बचाने में झुलस गए। शोरगुल सुनकर गांव के लोग जुट गए। आपूर्ति बंद कर सभी को अलग किया गया। इस दौरान ननकू और चमेला देवी की सांसें थम चुकी थीं। झुलसे लवलेश और ललेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक ननकू की पत्नी किरन गर्भवती हैं। ननकू की दो बेटियां आराध्या और अंशू हैं। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### स्टीमर नाव की भिड़ंत एक युवक नदी में डूबा

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के बीकर गांव के सामने यमुना नदी के बीच धारा मे स्टीमर और नाव की भिड़ंत हो जाने पर एक युवक नदी में गिर डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस खोजबीन कर रही है लेकिन शव समाचार लिखे जाने तक बरामद नहीं सका है। करैली थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी बृजभान यादव40 वर्ष पुत्र दशरथ यादव बारा स्थित प्रयाग पावर प्लांट बारा में माली का काम करता है। वह रोजाना शाम को नाव के माध्यम से नदी पार कर रोजाना आवागमन करता है। शनिवार की शाम भी वह बीकर यमुना तट पर पहुंच छोटी नाव पर बैठा उस नाव पर उसी गांव के चंचल भारतीय और एक अन्य महिला सहित दो अन्य भी सवार होकर अपने गांव जा रहे थे कि जैसे ही बीच धारा मे नाव पहुंची कि जलालपुर की तरफ से बीकर की तरफ आ रही स्टीमर से नाव भिड़ गई जिससे नाव डगमग होने से बृजभान नदी में गिर डूब गया। सूचना पर करैली और घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बढ़ी हुई और गहरे पानी और रात होने की वजह से उसे खोजा नहीं जा सका। जिससे उसका शव बरामद नहीं हो सका। बताया जाता है कि 6 माह पूर्व वह बारा थाने का फालोवर था।



**हाईकोर्ट समाचार**

## जस्टिस राजेश बिंदल होंगे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति ने लगाई मुहर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की संस्तुति पर जस्टिस राजेश बिंदल को इलाहाबाद हाईकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश बनाया है। इस आशय की अधिसूचना भारत सरकार के अपर सचिव राजिंदर कश्यप ने जारी की है। जस्टिस राजेश बिंदल का कार्यकाल करीब 2 साल का होगा।

जस्टिस राजेश बिंदल वर्तमान में कलकत्ता हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यरत हैं। 26 जून 2021 से जस्टिस एमएन भंडारी इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यवाहक चीफ जस्टिस के रूप में काम कर रहे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यरत जस्टिस राजेश बिंदल इससे पहले जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में कार्यरत थे।

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से की थी कानून की पढ़ाई**

जस्टिस राजेश बिंदल का जन्म 16 अप्रैल 1960 को हरियाणा के अंबाला शहर में एक सामान्य परिवार में हुआ था। जस्टिस राजेश बिंदल ने 1985 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने एक अधिवक्ता के रूप में करियर की शुरूआत सितंबर 1985 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से की।

**1992 में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में हुए शामिल**

2004 से 10 साल तक केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में चंडीगढ़ प्रशासन का कामकाज देखते रहे। पंजाब और हरियाणा में लगभग 80 हजार मामलों के निस्तारण का अनुभव रखने वाले जस्टिस राजेश बिंदल 1992 में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में शामिल हुए। उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के मामले भी पंजाब और हरियाणा क्षेत्रों का देखने का अनुभव है। उन्होंने सतलुज यमुना जल से संबंधित विवाद के निपटारे में पंजाब राज्य के साथ एराडी ट्रिब्यूनल के समक्ष और सर्वोच्च न्यायालय में हरियाणा का पक्ष भी रखा। इसके अलावा हरियाणा उच्च न्यायालय में आयकर विभाग हरियाणा का भी मुकदमा देखते रहे।

**2006 में बने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में जस्टिस**

जस्टिस राजेश बिंदल 22 मार्च 2006 को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में बतौर जस्टिस कार्यभार ग्रहण किया। 2016 में हुए मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए मसौदा नियम तैयार करने के लिए भी जो समिति गठित की गई थी उसके अध्यक्ष रहे। इसके साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय बाल अपहरण विधेयक 2016 के नागरिक पहलुओं का अध्ययन करने के लिए उन्होंने सिफारिशों और मसौदे के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।वर्तमान में वह जम्मू और कश्मीर हाईकोर्ट में वित्त समिति, भवन और अवसंरचना समिति, सूचना प्रौद्योगिकी समिति, राज्य न्यायालय प्रबंधन प्रणाली समिति के अध्यक्ष और जम्मू और कश्मीर राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष भी हैं।

## गोवंशो की तस्करी व हत्या पर वीहिप की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** विश्व हिंदू परिषद, गौरक्षा विभाग द्वारा गोवंशजो की तस्करी व गौहत्या रोकने तथा गोआश्रय केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते आए दिन भूख से तड़पकर मर रही गौमाता तथा कैंसर जैसी बीमारी को दूर करने के लिए जैविक कृषि करने हेतु गंगापार के किसानों व कार्यकताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शनिवार को आर एन पांडे डिग्री कॉलेज रामनगर सहसों में संपन्न हुआ जिसमें गंगापार के विभिन्न क्षेत्रों के 50 गांव के किसानों व कार्यकताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ' प्रशिक्षण वर्ग में गोवंशजो की तस्करी व गौहत्या रोकने हेतु ₹गौरक्षक सचल दस्ता₹ का तहसील, प्रखंड व खंड स्तर पर गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही रासायनिक खादों व कीटनाशक रसायन के माध्यम से समाज में फैल रही कैंसर जैसी बीमारी को दूर करने के लिए ₹गीर गोकृपा अमृतम₹ व जैविक कृषि के माध्यम से कृषि करने हेतु किसानों को प्रशिक्षित किया गया। और निर्णय हुआ कि जिले के किसी भी स्थल पर यदि गोवंशजो की तस्करी व गौहत्या तथा गौशालाओं में अव्यवस्था के चलते भूख प्यास से तड़पकर गौमाता के मरने की सूचना प्राप्त होती है तो जिले के सभी गौरक्षक सचल दस्ते के कार्यकर्ता एक साथ घटनास्थल पर पहुंचेंगे.' इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा के प्रांत अध्यक्ष भोला नाथ मिश्रा ने कहा कि आज देसी गाय किसानों के खूंटे से गायब हो चुके हैं और पूतना रूपी जर्सी गाय घर -घर पहुंच चुकी है। गोआश्रय केंद्रों में भ्रष्टाचार के चलते भूख से तड़पकर यदि गौमाता मरेंगी तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगा ' इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के प्रमुख कार्यकताओं ने रामनगर चौराहे पर कश्मीर की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आतंकवाद का पुतलाभी दहन किया ' बैठक में मुख्य रूप से सौरभ सिंह, पंकज तिवारी, विष्णु दुबे, नरेंद्र सिंह, दीपक द्विवेदी, तुलसीराम यादव, सुनील साहू, दिनेश मिश्रा सहित सैकड़ों कार्यकताओं व किसानों ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं, बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक सोहन सिंह सोलंकी के निदेर्शानुसार शनिवार को शंकरगढ़ में बजरंग दल के प्रखंड संयोजक आदर्श दुबे के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। जम्मू कश्मीर में हो रही आतंकवादी घटनाएं तथा आतंकवादियों द्वारा हिन्दू समाज को निशाना बनाए जाने पर बजरंग दल ने आज पूरे देश में आतंकवाद तथा पाकिस्तान का पुतला दहन करने की घोषणा की थी। इसी के तहत शंकरगढ़ के राम भवन चौराहे पर बजरंग दल के प्रखंड संयोजक आदर्श दुबे के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। मौके पर लोगों द्वारा आतंकवाद व पाकिस्तान के मुदार्बाद के नारे लगाए गए। पुतला दहन में बजरंग दल के साथ विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भारतीय जनता पार्टी के भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुशील सिंह पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप पटेल, अनूप केशरवानी, सुजीत केसरवानी, संघ के नरेंद्र कुमार गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, अनुपम पटेल, विनय दुबे, धर्मेंद्र दुबे, राहुल पांडे आदि लोग उपस्थित थे।



आतंकवाद का पुतला फूंकते बजरंग दल कार्यकर्ता

## संगम क्षेत्र में बने कृत्रिम तालाब में होगा दुर्गा विसर्जन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दशहरा दुर्गा पूजा पंडालों में स्थापित मूर्तियों का विसर्जन संगम क्षेत्र गंगा किनारे राम घाट के पास काली सड़क के बने कृत्रिम तालाब में किया जायेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला प्रशासन से मूर्ति विसर्जन के संबंध में डा पी के राय की 2015 में दाखिल याचिका पर 5 अक्टूबर 15 को पारित आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है।यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एम एन भंडारी तथा न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव पी के राय व सामाजिक कार्यकर्ता योगेन्द्र पाण्डेय की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

**हाई कोर्ट ने पुराने आदेश पर अमल करने का दिया निर्देश**

### याची ने 2015 में कोर्ट में दायर की थी याचिका

याचिका में मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था को लेकर पारित हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने की मांग की गई थी। याची राय ने 2015 मे मूर्ति विसर्जन को लेकर याचिका दायर की थी। सरकार की तरफ से हलफनामा दाखिल कर आश्वासन दिया गया था कि मूर्ति विसर्जन की समुचित व्यवस्था की जायेगी। जिसके तहत राम घाट पर गंगा किनारे 130 मी लंबा 40 मी चौड़ा व 7 फीट गहरा तालाब खोदा गया था। पहुंच मार्ग ,लाइट व्यवस्था, गंगा जल भरा तालाब व विसर्जन के प्लेटफार्म आदि इंतजाम किए गए थे। कोर्ट ने जिलाधिकारी को अपने विवेक से व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।मूर्ति विसर्जन के पुराने आदेश पर अमल करने का निर्देश। याची का कहना है कि यह व्यवस्था 2014 मे भी लागू की गई थी। जिसे कोर्ट के आदेश पर 2018 तक चलाया गया। 2019 व 2020 मे अंदावां के तालाब में मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था की गई थी। इस वर्ष फिर से गंगा किनारे कृत्रिम तालाब बनाकर मूर्ति विसर्जन के पुराने आदेश पर अमल करने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट के इस आदेश से बारवारियों ने खुशी जाहिर की है।

## नवरात्र व्रत में रखें खास ख्याल ,इम्यूनिटी रहे बरकरार

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़।** हमारे जीवन में व्रत और त्योहारों का बहुत महत्व है। जब बात श्रद्धा की आती है तो लोग अपने स्वास्थ्य को यहां तक कि खुद को भी भूल जाते हैं। कोरोना संक्रमण के काबू में आने के बाद ऐसा कोई कार्य न करें जिससे आपकी इम्यूनिटी सीधे तौर पर प्रभावित हो, यह कहना है डॉ संजय सिंह का।

शंकरगढ़ सीएचसी के सीनियर डॉ संजय सिंह ने कहा कि व्रत-उपवास के साथ अपनी सेहत का ख्याल रखना भी बहुत जरुरी हैं।खासकर ऐसे लोग जिन्हें कोविड की शिकायत रही हो। वैसे भी यह मौसम में बदलाव का समय है। ऐसे में संक्रमण से बचाव करना भी एक चुनौती है। ऐसे में इस बात का पूरा ख्याल रखें कि इसका असर इम्यूनिटी पर न पडे.। वही सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह का कहना है कि कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र के चलते कोरोना, डेंगू व वायरल जैसी समस्या हो सकती है।उन्होंने कहा कि उपवास के दौरान खान-पान का ध्यान रखें। यह ध्यान रहे कि ऐसे में देर तक खाली पेट रहना और बाद में ज्यादा खाना, दोनों स्थितियां शरीर को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए थोड़ा-थोड़ा करके कई बार खाते रहें। अब भी दिन में गर्मी हो रही है। इसलिए शरीर में पानी की कमी न होने दें पर्याप्त मात्रा में पानी,नारियल पानी आदि पीते रहें। शरीर को पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा प्राप्त होती रहे इसके लिए सिंघाड़े का आटा, समा चावल, राजगिरा, मूंगफली, साबूदाना, मखाना, दूध, दही, फल और कुछ सब्जियां जैसे- आलू, अरबी, कच्चे केले को खानपान में शामिल किया जा सकता हैं। इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होगी। व्रत के दौरान भी नियमित रुप से योग, प्राणायाम, व्यायाम, टहलना आदि जारी रखना चाहिए। यदि पहले से कोई बीमारी हैं तो उसकी दवा नियमित रुप से लेते रहें।

**व्रत में रखें ध्यान-**

- लंबे समय तक भूखे न रहें , इससे गैस की समस्या हो सकती है।
- व्रत में चार-पांच चीजें एक साथ खाने के बजाय दो-तीन घंटे के अन्तराल से खाएं, डायबिटीज के रोगी ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें, फल और ड्राई फ्रूट्स डाइट में जरूर शामिल करें।
- ज्यादा तले भुने भोजन से परहेज करें।
- सेंधा नमक और चीनी की मात्रा कम रखें, खासकर हृदय रोग के मरीज, अगर आप बीमार हैं और व्रत रखा है तो हर दो घंटे के अंतराल पर कुछ तरल पदार्थ लें।

**ऐसे लोग नौ दिन व्रत न रखें-**

- यदि डायबिटीज और हाइपरटेंशन के मरीज हैं
- यदि हाल फिलहाल कोई सर्जरी हुई है।
- यदि खून की कमी है।
- दिल, किडनी, फेफड़े या लीवर के मरीज हैं या फिर गर्भवती हैं।

## सेवा भाव से मन लगाकर कार्य करना ही सफलता प्रशस्ति का मार्ग : डॉ.आशुतोष

अखंड भारत संदेश

**डायरेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर जीडीए फर्स्ट बैच के प्रशिक्षुओ को प्लेसमेंट के लिए बस से दिल्ली किया रवाना**

**प्रयागराज।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के पहले चरण के बच्चों के प्रशिक्षुओं का भव्य विदाई समारोह शनिवार को हुआ। इस दौरान जीडीए सेकेंड और एमएसटी फर्स्ट बैच के बच्चों ने रुंधे गले से भावभीनी विदाई दी। इस दौरान डायरेक्टर डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने नवप्रशिक्षुओं से कहा कि सेवा भाव से मन लगाकर काम करना ही आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसलिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी ट्रेनिंग पूरी करिये और अपनी सफलता के जरिये अपने माँ बाप एवं गाँव घर का नाम रौशन करिये। इस दौरान उन्होंने सभी नव प्रशिक्षुओ को ट्रेनिंग पूरी करने पर प्रमाण पत्र वितरित किया। यमुनापार के गौहनिया में श्रम मंत्रालय की ओर से संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत शनिवार को जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जीडीए के पहले बैच को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। तीन महीने की ट्रेनिंग पूरी करने के बाद नौ अक्टूबर शनिवार को सभी 24 नवप्रशिक्षुओ को बस से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। डायरेक्टर डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पहले जीडीए फर्स्ट बैच के बच्चों के लिए विदाई समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें जीडीए सेकंड बैच और एमएससी फर्स्ट बैच के बच्चों ने अपने सीनियर्स को भावुक विदाई दी। इस दौरान नाच-गाना हुआ। जूनियर बच्चो ने अपने सीनियर्स को गिफ्ट देकर विदा किया। इस दौरान स्टेट हेड प्रवीण द्विवेदी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेंटर मैनेजर सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, क्वालिटी हेड कनिका मिश्रा, डोमेन ट्रेनर अनुराग कुमार, रंगीता सिंह, विनय कुमार, अंजुला वैश्य, एमआईएस शुभम विश्वकर्मा, रति पाल, अनुराग पांडेय, शालिनी शर्मा, ऋषभ दुबे, अंजली मिश्रा, आनन्द विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।




हरी झण्डी दिखाकर प्रशिक्षुओं को प्लेसमेंट के लिए रवाना करते

## दो अंतर्राज्यीय नशे के सौदागर गिरफ्तार, नशीला पदार्थ बरामद



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस व एसओजी नारकोटिक्स की संयुक्त टीम ने शनिवार भोर में कार सवार दो अंतर्राज्यीय नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद करते हुए चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे व एसओजी नारकोटिक्स टीम के उप निरीक्षक महावीर सिंह को शनिवार भोर में जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त थाना क्षेत्र स्थित लवायन कला गांव मार्ग के समीप कुरिया मोड़ के निकट एक कार संदिग्ध हालत में खड़ी है और दो संदिग्ध लोग भी मौजूद हैं। सटीक सूचना मिलते ही एसओजी नारकोटिक्स और औद्योगिक क्षेत्र थाने की गठित संयुक्त टीम उक्त स्थान पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए कार समेत दोनों को गिरफ्तार कर थाने उठा लाए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में करछना थाना क्षेत्र के रायपुरा, भगनपुरा निवासी संदीप जायसवाल पुत्र सुरेश जायसवाल व सूबेदार प्रजापति पुत्र धर्मराज प्रजापति शामिल हैं। साथ ही कार की तलाशी के दौरान प्लास्टिक के बोरी में छुपा कर रखे गए लगभग 48 किलो नशीला पदार्थ (गांजा) और तलाशी के दौरान 11 सौ रुपए नकदी बरामद किया गया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों का चालान कर दिए। बता दें कि बीते कुछ दिन पूर्व एसटीएफ टीम ने नैनी कोतवाली क्षेत्र से एक कार को बरामद कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया था। इससे पूर्व भी पुलिस ने नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद कर चुकी है।

### मध्य प्रदेश आंध्र प्रदेश से लाते हैं नशीला पदार्थ

**नैनी।** पकड़े गए आरोपियों से जब पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि लगभग पांच-छह वर्षों से वह अपनी होंडा सिटी कार की मदद से मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश से नशीला पदार्थ (गांजा) लेकर आते हैं और प्रयागराज जिले के अलावा मिर्जापुर समेत अन्य स्थानों पर सप्लाई करते हैं। शनिवार को भी उक्त दोनों पकड़े गए आरोपी गांजे की सप्लाई के लिए मिर्जापुर जाने की तैयारी कर रहे थे। इससे पहले दोनों आरोपी अपने मकसद में कामयाब होते पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिए।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

औद्योगिक क्षेत्र थाने से संबंधित उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, राहुल तोमर, हेड कांस्टेबल विजय शंकर यादव, उपेंद्रनाथ सिंह, राजीव कुमार, कांस्टेबल अमित कुमार गुप्ता, व एसओजी नारकोटिस टीम से संबंधित उप निरीक्षक महावीर सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार सिंह, कांस्टेबल अनुराग यादव, संतोष यादव, अवनीश शर्मा, जयकांत पांडेय, चालक अंगद सिंह सहित सर्विलांस टीम के प्रवीण सिंह और पंकज गिरि शामिल रहे।

### औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हिस्ट्री शीटर को किया गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने शनिवार को मुंगारी गांव से एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र स्थित मुंगारी ग्राम सभा के अंतर्गत सल्दी का पूरा निवासी सुग्गन यादव उर्फ रमाशंकर पुत्र सालिग राम यादव कबाड़ का काम करता है और वह औद्योगिक क्षेत्र थाने का हिस्ट्रीशीटर है। चोरी के उपकरण की खरीदारी समेत अन्य मामलों में सलाखों के पीछे भी जा चुका है। उसके खिलाफ मध्य प्रदेश के रीवा, नैनी कोतवाली व औद्योगिक क्षेत्र थाने में आधा दर्जन करीब विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हैं। पुलिस के मुताबिक न्यायालय के आदेश के बावजूद वह उपस्थित नहीं हो रहा था। वारंट जारी होने के बाद औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह और रवि कुमार कटियार, हेड कांस्टेबल उपेंद्रनाथ सिंह ने उक्त वांछित वारंटी एवं हिस्ट्रीशीटर आरोपी सुग्गन यादव उर्फ रमाशंकर को शनिवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिए।



## 130 महिला बंदियों का नेत्र परीक्षण किया गया

**नैनी।** लायंस क्लब इलाहाबाद अरुणिमा के तत्वधान में केंद्रीय कारागार नैनी में महिला बंदियों का नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया। शिविर में 130 महिला बंदियों का नेत्र परीक्षण किया गया। वहीं दवा एवं आई ड्रॉप उपलब्ध कराया गया। जांच के दौरान 9 महिला बंदी मोतियाबिंद से ग्रसित पाई गई। लायन डॉ अर्पण धर दुबे परामर्शदाता केंद्रीय कारागार नैनी ने बताया शीघ्र अति शीघ्र मोतियाबिंद से ग्रसित महिला बंदियों का ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। शिविर में मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय से डॉ शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ उपासना सिंह, डॉ श्वेता वर्मा द्वारा बंदियों की जांच की गई। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पी एन पांडेय ने इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। शिविर में लायन डॉ एस के शुक्ला, लायन डॉ अर्पण धर दुबे, लायन डॉ राहुल केसरवानी, लायन डॉ कुदरत, क्लब के अध्यक्ष लायन शिवप्रकाश अग्रवाल एवं लायन अरविंद सिंह उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कमेटी ने दलित बस्ती में झाड़ू लगाकर चलाया सफाई अभियान

## भारत नहीं करेगा महिलाओं का उत्पीड़नः डा0 नीरज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महासचिव प्रियंका गांधी एवं उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेत्तृत्व में आज पुरानी माल गोदाम रोड स्थित सुदर्शन नगर, दलित बस्ती में स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में साफ-सफाई कर अगल-बगल की बस्ती में झाड़ू लगाकर साफ सफाई अभियान चलाया गया।

बता दें कि प्रियंका गांधी को सीतापुर में गिरफ्तारी के दौरान अस्थाई रूप से जेल में रखा गया था उस दौरान कमरा गंदा होने की वजह से झाड़ू लगाकर प्रियंका गांधी ने कमरे में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की थी। कांग्रेस प्रत्याशी 248 प्रतापगढ़ विधानसभा डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का बयान महिलाओं



एवं दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, झाड़ू लगाना स्वाभिमान और सादगी का प्रतीक है। महात्मा गांधी ने भी झाड़ू लगाई और सत्याग्रह करते हुए अंग्रेजों को जवाब दिया जो इतिहास बन गया। उन्होंने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश के सभी वर्गों से माफी मांगना चाहिए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरफान अली एवं कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा की देश के करोड़ों दलितों और महिलाओं का अपमान भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। गांधीवादी तरीके से हम सब इसका विरोध करते रहेंगे, जब तक योगी आदित्यनाथ देश की जनता से माफी नहीं मांग लेते हैं।

दलित बस्ती में मुख्य रूप से डॉ प्रशांत देव शुक्ल, वेदांत तिवारी, इश्तियाक अहमद, बशीर पहलवान, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवा दल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष सिंह, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रवीण द्विवेदी, मो0 दिलशाद, नूर आलम सहित बस्ती के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।




# भरत मिलाप के नाम पर शुरु हो गई कटौती

## शनिवार का दिन भर ठप रही बिजली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भरत मिलाप के नाम पर शहर में दिन भर बिजली काटने का सिलसिला फिर शुरु हो गया है। शनिवार को यद्यपि कि बाजार बंद थी फिर भी लोगों को दिन भर ठप रहने से परेशानी झेलनी पड़ी। शाम को चार बजे बिजली आ तो गई लेकिन साढ़े चार बजे भंगवा चुंगी से लेकर सियाराम कालोनी, पितई का पुरवा क्षेत्र में बिजली ठप रही।

बताया जाता है कि जर्जर तारों को लेकर भी आए दिन कटौती की जाती है। इससे जिला मुख्यालय पर 24 घंटे बिजली देने का दावा फुस्स दिखाई दे रहा है। इससे लोगों में रोष भी है। भरत मिलाप मेले की तैयारी को लेकर बिजली विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। जिसमें जर्जर तारों को बदलने और ढीले तारों को कसना, कमजोर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाना शामिल है। इसी क्रम में शुक्रवार को पंजाबी मार्केट इलाके में दुरुस्तीकरण का कार्य हुआ। जिसके कारण दिन में बिजली आपूर्ति बंद रही। एसडीओ नगर अजीत यादव ने बताया है कि भरत मिलाप को देखते हुये शहर में बिजली के तारों, पोल इत्यादि के ठीक कराया जा रहा है। आपूर्ति में बाधक बने पेड़ों की छटाई का काम भी साथ में हो रहा है। यह कार्य बिना आपूर्ति बंद किये नहीं हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस कारण से बाबागंज उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में बीच बीच में आपूर्ति बाधित रहेगी। दशहरा तक यह काम चलेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि इस कार्य में सहयोग करें।

# मुनि आगमन व ताड़का वध की निकली झांकी, आज धनुष यज्ञ की निकलेगी झांकी



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित रामलीला में शनिवार को मुनि आगमन व ताड़का वध की भव्य झांकी निकाली गई। मुनि विश्वामित्र को जब राक्षस यज्ञ नहीं करने देते थे तब उनके यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान राम व लक्ष्मण को राक्षसों से यज्ञ की रक्षा करने के लिए लाए थे।

यह झांकी आज रामलीला समिति की तरफ से निकाली गई थी और ताड़का का वध भगवान राम ने किया था उसकी झांकी अलग दिखाई गई। शोभायात्रा को संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष श्याम शंकर सिंह, उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिनू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, रविंद्र बंटी आदि पदाधिकारियों ने रथ को साथ-साथ लेकर गोपाल मंदिर से चौक होते हुए सदर बाजार चौराहा से चौक होते हुए निर्मल तिराहा से स्टेशन वापसी पंजाबी मार्केट होते हुए गोपाल मंदिर समाप्त हुई। उधर श्री रामलीला समिति के द्वारा बताया गया कि रविवार को फुलवारी लीला व धनुष यज्ञ की झांकी निकाली जाएगी।

## शारदीय नवरात्र मे देवी पाण्डालों मे आस्था की उमंग मे श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र को लेकर शनिवार को भी देवी पाण्डालों पर श्रद्धालुओं को आस्था के उमंग मे देखा गया। नगर के विभिनन पाण्डालों मे भजन संकीर्तन मे भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। वहीं ग्रामीण अंचलो मे भी जगह जगह स्थापित देवी पाण्डालों मे आस्था की गूंज दिखलाई पड़ी। शुक्रवार की शाम देवी पाण्डालों मे आकर्षक विद्युत छटा व मां के श्रृंगार को देखने के लिए श्रद्धालुओं को मां के जयघोष करते देखा गया। पाण्डालों मे आरती के समय भी महिला श्रद्धालुओं को मां के भजन संकीर्तन मे भागीदारी मे भी उत्साह दिखलाई पड़ा। घरों मे भी स्थापित मां के कलश के समक्ष देवी पाठ मे सनातनधर्मी पूजन पाठ मे रमे दिखे। नवरात्र को लेकर शाम को हो रही देवी पाण्डालों मे श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस व प्रशासन को भी एहतियातन सतर्क देखा जा रहा है। बाबा घुइसरनाथ धाम, इनहन भवानी, दुर्गन देवी धाम, चौन्हजन देवी, गुम्मौर वनदेवी आदि स्थानों पर मंदिरो मे भी देवीभक्तों को मां के समक्ष मनन्तें मांगते देखा जा रहा है।

# पावर हाउस के पास हुयी फायरिंग की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दस सितम्बर 2021 को सुबह लगभग नौ बजे थाना क्षेत्र रानीगंज के पावर हाउस के पास चाय की दुकान पर बैठे कुछ व्यक्तियों पर अचानक से आये तीन मोटर साइकिल पर सवार नौ व्यक्तियों द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें दो व्यक्ति फारूक पुत्र महमूद अख्तर की हथेली में व मुख्तार पुत्र मुंशी रजा को बाह में गोली लगी थी। इस संबंध में वादी की तहरीर पर थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 488/2021 धारा 147, 148, 149, 286, 307, 120 बी, 504, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। (उक्त मुकदमें से संबंधित दो अभियुक्त पूर्व में गिरफ्तार किये जा चुके है)। पुलिस द्वारा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में उ0नि0 गुलाब चन्द्र यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के सचौली पुल के पास से उक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये एक अभियुक्त परवेज आलम पुत्र स्व0 मंसूर आलम नि0ग्राम अहमद नगर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उ0नि0 गुलाब चन्द्र यादव, हे0का0 सुभाष यादव व आरक्षी अश्वनी पाल थाना रानीगंज शामिल हैं।

# आधा दर्जन से अधिक आरोपियों पर बलवा व मारपीट का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ बलवा, मारपीट तथा धमकी व रूपये निकाल लेने का केस दर्ज किया है। कोतवाली के खजुरी निवासी सुक्खू सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चौदह जनवरी को रंजिशन गांव के विवेक, राहुल, धीरू, रामचंद्र, दीनानाथ, सुखदेव, श्यामकिशोर, राजू ने उसे मारापीटा। आरोपियो ने विरोध करने पर उसकी जेब से दो हजार रूपये भी निकाल लिये। पीड़ित का कहना है उसने पुलिस को घटना की तहरीर दी किंतु उसका मुकदमा दर्ज नही किया गया। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट से फरियाद की तो कोर्ट की फटकार पर आरोपियो के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

# महिला की पिटाई, आरोपी के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खेत मे हुए विवाद को लेकर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के खरगपुर निवासी रामसमुझ की पतनी द्रोपदी कोरी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ अक्टूबर को दिन मे तीन बजे अपने खेत मे मौजूद थी। इस बीच रंजिशन गांव के अनिल कोरी ने खेत मे पहुंचकर गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा। आरोपी ने पीड़िता के शोर मचाने पर जानलेवा धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शुक्रवार की रात मुकदमा दर्ज किया है।

# घर मे घुसकर मारपीट मे दर्ज हुआ क्रास केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर मे घुसकर मारपीट की घटना को लेकर आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के राजातारा निवासी सुमित शुक्ल ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सात अक्टूबर को आठ बजे शाम गांव के सचिन तिवारी व सचिन की पतनी व उसकी भाभी ने उसके बाबा को गाली दी। विरोध करने पर आरोपियो ने घर मे घुसकर लाठी डण्डे से मारपीट की। आरोपियो ने घर मे रखे कीमती सामान भी तोड़कर नष्ट कर दिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष के सचिन तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि आरोपी गांव के शरद शुक्ला, प्रशांत, प्रभास व नर्वदा ने उसके घर घुसकर गालीगलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियो ने घर मे रखे मोबाइल आदि सामानों को तोडकर नष्ट कर दिया। तहरीर के आधार पर आरोपियो के खिलाफ शुक्रवार की रात केस दर्ज किया गया है। कोतवाल का कहना है कि मारपीट की घटना मे दोनों पक्षो की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है, जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रामलीला मैदान की सफाई में नगर पालिका ने झोंकी ताकत

## 70 कर्मचारी जेसीबी जेटपम्प पम्पिंग मशीन लगाकर हो रहा समतलीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विजयदशमी का मेला स्थल रामलीला मैदान की सफाई करने में नगर पालिका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रामलीला मैदान में पानी भरा हुआ है जहां जेटपम्प पम्पिंग मशीन से पानी निकालने का कार्य तथा डम्फर वाहन से मलबा निकालने का कार्य किया जा रहा है।

इसके अलावा जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर समतलीकरण किया जा रहा है। विगत दो दिनों में जहां जेटपम्प पम्पिंग मशीन से पूरे रामलीला मैदान का पानी निकाल लिया गया है, वहीं झूला लगने के स्थान का समतलीकरण कर दिया गया है जिससे झूले भी लग गये हैं।

15 अक्टूबर को दशहरा का यहां मेला लगेगा जहां राम-रावण का युद्ध होने के बाद शाम को हजारों श्रद्धालुओं के बीच रावण दहन होगा। इसकी तैयारी में नगर पालिका साफ-सफाई करने में दिन रात जुटी हुई है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में रामलीला मैदान की सफाई में सफाई कर्मी जेसीबी, डम्फर, ट्रैक्टर लेकर जुटे हुए हैं। इसका निरीक्षण सफाई निरीक्षक एसके सिंह व सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह नियमित कर रहे हैं। तीन दिनों से लगातार सफाई का कार्य किया जा रहा है। शनिवार को रथ जाने का रास्ता बनाया जा रहा था और अगल-बगल की



गंदगी को हटाया जा रहा था। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि अभी और कार्य बाकी है जिसका कार्य दो-तीन दिन में पूरा हो पाएगा। इसके अलावा राजापाल टंकी चौराहा के निकट सफाई कमिर्यों द्वारा नाले की सफाई तथा सरोज चौराहे के निकट कांशीराम कालोनी में नाला गैंग कर्मचारी द्वारा सफाई की गई।

# विधवा के सरकारी अनुदान के बंदरबांट को लेकर शाखा प्रबंधक समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पति की मौत के बाद सरकारी अनुदान मे मिले तीन लाख रूपये की बंदरबांट को लेकर पुलिस ने शाखा प्रबन्धक समेत तीन आरोपियो के खिलाफ धोखाधडी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। कोर्ट की फटकार पर शनिवार को शाखा प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज होने से हडकंप मच गया।

कोतवाली के बनकटी निवासी घनश्याम तिवारी की पुत्री वंदना का विवाह सांगीपुर थाना के देउम पूरब निवासी अरूणेश कुमार मिश्र के पुत्र कमलाकर के साथ हुआ था। पति की विद्युत करंट से आकस्मिक मौत हो गयी। इसके बाद सरकार की ओर से विधवा वंदना के लिए स्वीकृत तीन लाख रूपये का अनुदान लालगंज के बडौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक मे पीडिता के खाते मे भेजा गया। पीड़िता वंदना ने तहरीर मे कहा है कि आरोपी अरूणेश कुमार मिश्र व शाखा प्रबंधक रामचंद्र द्विवेदी तथा लालगंज कोतवाली के सांगीपुर वार्ड निवासी शिवकुमार दुबे के पुत्र प्रभाकर दुबे ने उसके नाम पर फर्जी चेक जारी कराकर दस बार मे तीन लाख रूपये का बंदरबांट कर लिया। तीन लाख रूपये की रकम खाते से साफ होने की जानकारी होते ही विधवा वंदना सनन रह गयी। पीड़िता ने शाखा प्रबंधक से शिकायत की कि न तो उसने चेक जारी कराया है और न ही किसी चेक पर उसके हस्ताक्षर है। शाखा प्रबंधक ने शिकायत को अनसुना कर दिया। पीड़िता ने सूचनाधिकार के तहत भी बैंक से रूपये के निकाले जाने का विस्तृत विवरण मांगा। इसके बावजूद बैंक ने कोई कार्रवाई नही की। थक हार कर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी। जांच के नाम पर पुलिस ने भी मुकदमा दर्ज करने मे हीलाहवाली जारी रखी। इसके बाद पीड़िता ने कोर्ट से इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को शाखा प्रबंधक रामचंद्र द्विवेदी तथा अरूणेश कुमार मिश्र व प्रभाकर दुबे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। बैंक प्रबंधक के खिलाफ विधवा के खाते से दो सह आरोपियों से मिलीभगत कर लाखों के बंदरबांट को लेकर धोखाधड़ी व जालसाजी के केस के दर्ज होने पर हडकंप का माहौल भी दिखा। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई होगी।

## बेटे की पिटाई की उलाहना देने पर आरोपियों ने की पिटाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्कूल जाते समय आरोपियों ने एक विद्यार्थी को मारा पीटा। परिजन आरोपियों को उलाहना देने के लिए जब घर पहुंचे तो आरोपियों ने उसे बुरा भला कहते हुए घर में घुसकर मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर आधारगंज गांव के रहने वाले रमापति ने तहरीर देकर बताया कि बीते 8 अक्टूबर को उसका बेटा घर से स्कूल जा रहा था जिस पर अजय आदि ने उसे मारा पीटा बेटे की पिटाई की उलाहना देखने के लिए जब रमापति उनके घर गया तो आरोप है कि इस दौरान कुल्हाड़ी सरिया से आरोपियों ने उसे दौड़ा लिया वह जान बचाने के लिए घर में घुसा तो आरोपियों ने उससे घर में घुसकर मारपीट किया गाली गलौज किया।

# शैक्षिक गुणवत्ता के लिये हुआ सहयोगात्मक अनुश्रवण, शैक्षिक विधाओं पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र मान्धाता के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय छितपालगढ, द्विवैनी,, मझिगवॉ, वैशपुर, मान्धाता प्रथम तथा द्वितीय का सहयोगात्मक अनुश्रवण और पर्यवेक्षण डायट प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

उन्होंने विद्यालयों में माडल क्लास लेकर शिक्षकों को गुणवत्ता आधारित शिक्षण के विषय मे बताया तथा कोविड के कारण कक्षानुरुप दक्षताओ मे पिछड़ रहे छात्रों को दक्षता हासिल कराने के लिए उत्साहित किया। शिक्षकों से शासन की मन्शानुसार सभी शैक्षणिक विधाओ पर विस्तार से चर्चा किया। प्रेरणा मे कक्षानुरुप छात्रों की दक्षताओ के अंकन, पाठ्य योजना, शिक्षक डायरी, सहज पुस्तकों, माड्यूलों, गणित किट, प्रिंट रिच



और अन्य गतिविधियों पर आधारित शिक्षण पर विशेष बल देते हुए समय से विद्यालय को प्रेरक बनाने का संकल्प दिलाया। अनुश्रवण के दौरान राजेश प्रताप सिंह ए आर पी हिन्दी मान्धाता भी साथ रहे।

## खबर संक्षेप

### एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिले की व्यवस्था को चुस्त दुरुत बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में परेड व ट्रेनिंग कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का निरीक्षण किया गया और ट्रेनिंग संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए व उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगणों का परेड के उपरांत पुलिस लाइन परिसर स्थित भोजनालय परिवहन शाखा व अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया गया।

### थाना दिवस में सुनी शिकायते

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण थाना दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में शिकायतों को सुना गया जिसमें थाना मोहब्बतपुर पइंसा थाना सैनी में आए हुए समस्त शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया एवम् सम्बन्धित को प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# बालिका की हत्या में दंपति गिरफ्तार

**बरसात के पानी के विवाद में 4 अक्टूबर को पड़ोसियों ने बालिका की निर्ममता से की थी हत्या**



पुलिस हिरासत में मौजूद बालिका की हत्या के आरोपी दंपत्ति

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में 4 अक्टूबर की सुबह बरसात का पानी घर में जाने के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक बालिका की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी बालिका की हत्या के बाद पड़ोसी घर छोड़कर फरार हो गए थे पुलिस ने बालिका के परिजनों की तहरीर पर पड़ोसी दंपत्ति के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया था घटना के दिन से पुलिस आरोपी दंपतियों की खोज कर रही थी बीती रात आरोपी दंपत्ति पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं और पुलिस ने आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ किया तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया है पुलिस ने आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव निवासी श्याम सुंदर का अपने पड़ोसियों से विवाद चल रहा था 4 अक्टूबर को बरसात होने के बाद पड़ोसियों का पानी श्याम सुंदर के घर आ रहा था इस पर श्यामसुंदर और उनके परिजनों ने पड़ोसियों को उलाहना दिया इससे आक्रोशित होकर पड़ोसी मोहनलाल और उनकी पत्नी ने श्याम सुंदर की बेटी प्रियंका पर बेरहमी से लाठियों से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया प्रियंका की हत्या के बाद आरोपी दंपत्ति घर में ताला बंद कर फरार हो गए थे जिनकी पुलिस तलाश कर रही थी बीती रात आरोपी दंपत्ति मोहनलाल और उनकी पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है थाना पुलिस ने प्रियंका हत्याकांड का खुलासा करते हुए उनके पड़ोसी मोहन पटेल और उनकी पत्नी कमला देवी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो दंपत्ति ने हत्या की बात कबूली है पुलिस ने आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



ऋण योजना की बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी व अन्य

# वर्ष 2022-23 में कौशांबी जिले में प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 78892 करोड रुपए के बैंक ऋण की आवश्यकता

**सीडीओ ने नाबार्ड की संभाव्यता युक्त ऋण योजना 2022-23 का किया विमोचन**

**कौशाम्बी।** शशि कांत त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान नाबार्ड द्वारा तैयार की गयी संभाव्यता युक्त ऋण योजना 2022-23 का विमोचन किया। यह योजना नाबार्ड द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बैंकरों एवं जिले के अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद बनाई गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने डी एल आर सी बैठक में सभी बैंक योजनाओं, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लंबित आवेदनों एवं अन्य शिकायतों की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने वित्त वर्ष 2021-22 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बैंको को प्रोत्साहित किया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक अनिल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2022-23 में कौशांबी जिले में प्राथमिकता क्षेत्र के लिए रु. 78892 करोड़ रुपए.03 लाख के बैंक ऋण की आवश्यकता का अनुमान लगाया गया है। इसमें कृषि क्षेत्र हेतु ऋण, कृषि संबंधी अन्य गतिविधियों जैसे डेयरी, सिचाई, कृषि यंत्रीकरण, भूमि विकास, मुर्गी पालन, मछली पालन एवं भंडारण आदि के अतिरिक्त लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों की लिए एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र जैसे शिक्षा, आवास, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के लिए बैंक ऋण का अनुमान लगाया गया है। बैठक में अग्रणी जिला विकास प्रबन्धक संजीव कुमार ने बताया कि ऋण योजना के अनुसार वर्ष 2022-23 के लक्ष्य 01 अप्रैल 2022 से पहले सभी बैंकों को दे दिये जाएँगे। उन्होने इस तिमाही में बैंकों द्वारा की गयी प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## न्यूज झरोखा

### समाधान दिवस में 2 मामले का मौके पर निस्तारण



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना में शनिवार को थाना समाधान दिवस के मौके पर पीड़ित जनता की समस्याओं को इंस्पेक्टर महेश चंद्र ने सुना जिसमें ज्यादा मामले भूमि विवाद का रहा जिस पर हल्के के लेखपाल को जाँच कर निस्तारण करने को कहा गया जमीन के दो मामलों का थाना परिसर समाधान दिवस में निस्तारण कराया गया। दरवेश पुर गांव निवासी श्रीपत की बाउंड्री के निर्माण में विवाद था दूसरा मामला दरवेश पुर निवासी राम सिंह पुत्र पचई के खेत का विवाद था दोनो मामले का समाधान मौके पर कर दिया गया थाना समाधान दिवस में कोखराज थाना पहुंचे फरियादियों की कानून गो रियाज अहमद ने समस्याओं को सुनकर शिकायतों के निस्तारण का प्रयास किया है थाना समाधान दिवस में गांव गांव से पहुंचे तमाम फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को बताया ।जमीनी विवाद के मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है वहीं कई मामले लड़ाई झगड़े के भी थाना दिवस में पहुंचे सभी मामलों को कानून गो रियाज व चौकी इंचार्ज श्रवण कुमार ने सुना जिसमे ज्यादा मामले जमीन ,नाली विवाद से जुड़े रहे जिनका सभी सर्किल के लेखपालों को अपने अपने क्षेत्र में जा कर विवादित मामलो को सुलझाने के लिए इंस्पेक्टर महेश चंद्र ने निर्देशित किया समाधान दिवस में लेखपाल,संघ के जिला मंत्री धर्मराज,बसन्त लाल अमर सिंह ,अमर सिंह पाल, विनोद मिश्रा,अमृत सिंह अनुराधा, सुमित,दिलीप सिंह,,सुरेश मिश्रा, अमन सिंह, उमेश,आदि लोगों की मौजूदगी रही।

### एसडीएम सिराथू के स्टोनो का मंझनपुर हुआ स्थानांतरण



**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील में एसडीएम के स्टोनो सुनील यादव का जिलाधिकारी ने मंझनपुर उप जिला अधिकारी कार्यालय में स्थानांतरण का आदेश जारी किया है जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए स्थानांतरण आदेश के क्रम में सुनील यादव सिराथू उप जिलाधिकारी कार्यालय से कार्य मुक्त हो गए हैं उनके स्थानांतरण पर उनके साथियों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत करते हुए उन्हें विदा किया है उनके विदाई समारोह में तहसील सिराथू के कर्मचारियों ने उनके मधुर व्यवहार कार्यकुशलता की चर्चा की है इस अवसर पर प्रदीप सिंह,अध्यक्ष लेखपाल संघ सिराथू, संगम लाल शुक्ला, शिव शंकर पाल, देवेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, सुनील श्रीवास्तव, मान सिंह, सुनील अग्रहरी, राकेश पाण्डेय, मुस्तकीम, उमाशंकर सहित स्टाफ मौजूद रहे।

### सीएचसी कड़ा में विशेष शिविर का आयोजन



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा मे अधीक्षक डॉ नीरज सिंह के निर्देश में गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार के लिए विशेष शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया इस शिविर में महिलाओं के खून की जांच, पेशाब की जांच, वजन की जांच ,पेट की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच करते हुए उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करते हुए उपचारित किया गया। इस अभियान में 170 महिलाओं का परीक्षण किया गया जिसमें 12 उच्च जोखिम वाली महिलाएं चिन्हित की गई महिला चिकित्सक के द्वारा गर्भवती महिलाओं को परामर्श देते हुए सेवा दी गई गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज चढ़ाकर उपचारित किया गया इस अभियान का अनुश्रवण यूनिसेफ के डीएमसी प्रदीप कुमार द्वारा किया गया।

### मां दुर्गा का सजा पंडाल भक्तों ने मां से लगाई अरदास



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा अंदावा पल्टीपुर मैं भक्तों ने प्रथम वर्ष मां दुर्गा का भव्य पंडाल सजावट किया जिसमें मां दुर्गा की मूर्ति विराजमान करके भक्तों ने गांव के सभी निवासियों के कल्याण के लिए मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर माँ से अरदास लगा रहे हैं कि मां दुर्गा सभी भक्तों को सुख शांति व रोजी रोजगार में खूब ढेर सारी बरकत दे नवयुवा कमेटी पल्टीपुर अंदावा के कार्यकर्ता जितेंद्र पाल लवकुश पाल सुनील सोनकर अंशु पटेल आदि लोगों ने मिलकर नवरात्रि के पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया है पूरा पांडाल मां के जयकारे से गूंज रहा है सुबह से ही आरती पूजन के समय से मां की भक्ति गीतों से वातावरण गूंज रहा है मां दुर्गा के पूजा पंडाल में महिला पुरुष बच्चे बूढ़े सभी मां की भक्ति में लीन हैं।

# सफाई कर्म को उत्तम कर्म मानते हैं कांग्रेसी : अरुण


सफाई करते कांग्रेसी नेता

**कौशाम्बी।** लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत के बाद जब प्रियंका गांधी जी वहां जा रही थी तो सीतापुर में पुलिस अधिकारियों द्वारा जबरिया पकड़ लिया गया। इस दौरान जिस जगह उन्हें बंद किया गया वहां की सफाई प्रियंका ने किया था। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक बयान आया जो सफाई कर्मियों के विषय में उनकी छोटी सोच को दशार्ता है। बयान के विरोध में शनिवार को मलिन बस्ती में पहुंच सफाई कर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने किया। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कहा कि सफाई कर्मी और घर में जो लोग अपनी स्वच्छता को लेकर सफाई करते हैं और स्वच्छता का ख्याल करते हैं वह समाज के लिए अपना एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी द्वारा किए गए सफाई पर एक घटिया टिप्पणी की है जो कि सफाई कर्मी में लगे सभी लोगों के लिए एक उलाहना जैसी है। उन्होंने कहा कि इसका विरोध कांग्रेस के सिपाही कर रहे हैं और सफाई कर यह संदेश दे रहे हैं कि सफाई कर्म को कांग्रेसी उत्तम कर्म मानते हैं। इस मौके पर बोलते हुए पार्टी नेता वेद प्रकाश पांडेय सत्यार्थी ने कहा कि सफाई का काम प्रतिदिन हमारे घर की महिलाएं बहने अपने घर से शुरू करती है। यही नहीं जो भी सफाई कर्मचारी का काम करते हैं। वह हमारे पूरी मानवता को सुरक्षित करने का काम करते हैं इसलिए वह पूज्य हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी निंदनीय है और उन्हें इस टिप्पणी को तत्काल वापस लेकर माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से विनोद चौधरी, कमलकांत शुक्ला, मो सफीक, आयुष्मान खरे, विनय पासी, देशराज पटरिया, लालचंद हेला, उमेश चंद्र, सुमनलाल पासी, जगन्नाथ सरोज, सहीस चंद्र, रियाज, मो आमिर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# करोड़ों रुपए की परियोजनाओं से तृप्त हुआ कौशाम्बी : संजय विधायक

**भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक भाजपा कार्यालय मंझनपुर में संपन्न**

अखंडभारत संदेश

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंझनपुर में पिछड़ा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी क्षेत्र के अश्वनी पटेल मौजूद रहे विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंझनपुर विधायक लाल बहादुर सिराथू विधायक शीतला पटेल चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सूरज यादव ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी की उपस्थिति में हुई। मुख्य अतिथि अश्वनी पटेल ने कहां कि आज देश और प्रदेश की सरकार में आज सभी पिछड़ों का सम्मान हो रहा है आगामी 2022 के चुनाव में पिछड़ा वर्ग का अहम किरदार रहेगा उन्होंने साथ ही व्रत लिया और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने कहा कि पिछड़ा मोर्चा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है यह भाजपा की सरकार में किसी भी कार्यकर्ता के साथ भेदभाव नहीं होता सभी का सम्मान किया जाता है मंझनपुर विधायक लाल बहादुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है आज भाजपा की सरकार में हर गरीब तबके के लोग खुशहाल है विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल ने कहा कि आज हमारी व्यापारी युवा और महिलाओं की हितेषी सरकार भाजपा है और शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा विकास हुआ है। चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि साढ़े 4 साल की भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा कौशांबी में हजारों हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं से कौशाम्बी तृप्त हुआ है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में चारों और विकास की लहर दिखाई पड़ रही है आम जनता भाजपा के विकास से संतुष्ट है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध कम हुए हैं और कानून का राज स्थापित है इस मौके पर पुष्पराज पटेल ने कहा कि 50 सालों में जो विकास कभी नहीं हुआ इस सरकार ने 5 वर्षों में काम को किया है कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला महामंत्री सूरज यादव प्रतीक जायसवाल सहित सभी जिले युवा मंडल के अध्यक्ष गण मौजूद रह।



भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक में उपस्थित विधायक व अन्य

# आजादी के 74 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण

**चुनाव जीत जाने के बाद सरकार के प्रतिनिधियों से दलित बस्ती के लोगों को मिला केवल धोखा**

गणेश साहू

**कौशांबी।** आजादी के बाद से आज तक गांव में मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच सकी है विकास की बातें कांग्रेस की सरकार से लेकर समाजवादी पार्टी भारतीय जनता पार्टी बहुजन समाज पार्टी सहित सभी सरकार के नेताओं ने किया है जिले की जनता ने इंद्रजीत सरोज को बसपा शासनकाल में विधायक बना कर भेजा बहुजन समाज पार्टी ने उन्हें सूबे की सरकार में कबीना मंत्री बनाया लेकिन दलित बाहुल्य इस गांव में मूलभूत सुविधाओं की किरण फिर भी नहीं पहुंच सकी समय-समय पर सरकारे बदलती रही नेताओं के झूठे वादे जनता को मिलते रहे लेकिन सुविधाओं के नाम पर दलित बस्ती के लोगों को केवल नेताओं से ठेंगा मिला है गांव की जनता ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को भी मौका दिया और कांग्रेस पार्टी के नेताओं को भी मौका दिया लेकिन मौका मिलने के बाद इन नेताओं का रंग बदल गया इतना ही नहीं भाजपा की सरकार में कौशांबी के रहने वाले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री बनाए गए लेकिन दलित बस्ती के लोगों का दुर्भाग्य पीछा नहीं छोड़ सका और दलित बस्ती में मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच सकी हैं।

हम चर्चा कर रहे हैं चायल तहसील क्षेत्र के उदाथु गांव के मजरा पूर्वा डेरा का है। पासी बेरादरी बाहुल्य पुर्वा डेरा गांव में ग्रामीणों को आने जाने के लिए खड़ंजा और सड़क नहीं मिल सकी है आजादी के 74 साल बाद भी पगडंडी और चकरोड के सहारे ग्रामीण घर पहुंचते हैं गांव में पीने के पानी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है बदलते परिवेश में कुएं सूख गए हैं पर्याप्त मात्रा में हैंडपंप नहीं लगाएगा और जो हैंडपंप लगाए गए हैं उनमें कई हैंडपंप ने पानी देना बंद कर दिया है इससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी की भी समस्या बरकरार है गांव में जल निकासी के लिए नाले नाली का निर्माण ठीक ढंग से नहीं हो सका है जिससे गांव में निकलने वाला गंदा पानी लोगों के घरों के सामने भरा रहता है बरसात का पानी गांव से नहीं निकल पाता है और कीचड़ बनकर चकरोड और पगडंडियों में भरा रहता है जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है इलाज के नाम पर लोगों को 7 किलोमीटर दूर चरवा अस्पताल पहुंचना पड़ता है रास्ता न होने से मरीज ले जाने में भी ग्रामीणों को दिक्कते होती है लेकिन मरीजों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किसी सरकार के प्रतिनिधियों ने बीड़ा नहीं उठाया कहने के लिए तो स्वास्थ्य विभाग ने एएनएम की तैनाती गांव में की है लेकिन कभी गांव आना उनका नहीं होता है इतना ही नहीं किसानों के खेतों की फसलों की सिंचाई के लिए सरकारी नलकूप की व्यवस्था भी सरकार द्वारा नहीं की गई है सूबे में कांग्रेस समाजवादी पार्टी बसपा भाजपा सभी की सरकारें प्रतिनिधित्व कर चुकी है लेकिन इस पुर्वा डेरा की जनता को केवल कोरा आश्वासन मिला है दलित बाहुल्य इस गांव में रोजगार के साधन नहीं है खेती किसानी और मजदूरी के सहारे ग्रामीण जीविकोपार्जन कर रहे हैं इस गांव में छोटे किसान है जिससे उनके खेतों की उपज से उनके परिवार का जीविकोपार्जन नहीं चल पाता है चरवा क्षेत्र के पुर्वा डेरा की स्थिति देखकर विकास का अंदाजा लगाया जा सकता है ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने चुनाव के समय सभी सरकार के प्रतिनिधियों की बातों को सुना और सभी सरकार के प्रतिनिधियों ने विकास का वादा किया लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद सरकार के प्रतिनिधियों से उन्हें केवल धोखा मिला है और प्रतिनिधियों के कोरा आश्वासन और धोखा खाते खाते वह आजिज आ चुके हैं ग्रामीणों ने एक बार फिर सरकार से गांव में नाली सड़क खड़ंजा पीने के पानी और सरकारी नलकूप आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।


मूलभूत सुविधाओं के पीड़ित ग्रामीण

# कमीशन खोरी का प्रतिशत ना तय होने से विकास में बाधक बने अधिशाषी अधिकारी

**करोड़ों खर्च फिर भी गंदगी से जूझ रहे नगरवासी**

अखंड भारत संदेश

**चायल कौशाम्बी।** साफ सफाई की व्यवस्था और स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों खर्च करके योगी मोदी सरकार ढिंढोरा पीट रही है लेकिन सच्चाई यह है कि साफ सफाई के नाम पर किए गए करोड़ों रुपए की रकम अधिकारियों के घरों तक पहुंच रही है जिससे आम जनता को गंदगी में नरक भरा जीवन जीना पड़ रहा है बार-बार शिकायत के बाद भी मामले को लेकर आला अधिकारी गंभीर नहीं है लेकिन यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में जनता अपने इस दुख दर्द का हिसाब सरकार से जरूर चुकता करेगी। बताते चलें कि नगर पंचायत चायल में साफ सफाई के नाम पर सफाई कर्मचारियों की बड़ी फौज लगाई गई है इन्हें प्रत्येक महीने वेतन के नाम पर सरकारी खजाना खर्च किया जा रहा है नगर पंचायत चायल में नाली निर्माण के नाम पर चहेते ठेकेदारों को कार्य देखा खजाने से जिम्मेदारों ने सरकारी रकम निकाल ली है लेकिन उसके बाद भी नगर पंचायत चायल में गंदगी का साम्राज्य चारों ओर नालियां बजा रही है टूटी नाली का पानी सड़कों पर फैल रहा है नालियों की सफाई नहीं होती है और कभी नाली की सफाई सफाई कर्मियों ने किया तो उसका निकला हुआ कचरा सड़क की पटरी और सड़क पर फेंक दिया जाता है कई कई दिन तक नाली का निकला कचरा सड़क और पटरियों पर सूखने के नाम पर पड़ा रहता है जिसका खामियाजा नगरवासी भुगत रहे है नगर में कई जगह पर नालियां टूट चुकी है नाली टूटने से जगह जगह गंदगी का अंबार लगा है। नगर के निरंजन कुमार ने मुख्यमंत्री से करते हुए कहा कि टेंडर पास होने के बाद भी कमीशन खोल अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर में कार्य नही कराया गया है उनका कहना है कि जिलाधिकारी ने कई कार्यों की स्वीकृति भेज दिया है।


नगर पंचायत चायल में व्याप्त गंदगी का दृश्य

# विधायक के पत्र पर आमजन को कितना मिलता होगा न्याय!

**मासूम बच्चों की मौत की व्यवस्था कर गए विद्युत अधिकारी सिराथू विधायक द्वारा वर्षो पूर्व लिखे पत्र को लेकर न्याय के लिए भटक रही योगी सरकार में आम जनता**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के अहिरारा ग्राम सभा में स्थित सरकारी विद्यालय में पढ़ने वालों बच्चों की सर पर मौत का इंतजाम विद्युत अधिकारी कर गए हैं जिससे स्कूल के अध्यापक और बच्चे हमेशा दहशत के साए में रहते हैं लेकिन बार-बार शिकायत के बाद भी सरकारी विद्यालय में लगाए गए मौत की व्यवस्था को विद्युत अधिकारी नहीं हटा सके हैं इस ट्रांसफार्मर को हटाने के मामले में सिराथू विधायक का लिखा पत्र भी अधिकारियों के लिए कोई मायने नहीं रखता है और विधायक के पत्र पर कार्रवाई ना होने पर विधायक भी इस पत्र को लेकर गंभीर नहीं है।

बताते चलें कि सिराथू तहसील क्षेत्र के अहिरारा ग्राम पंचायत में सरकारी विद्यालय की चारदीवारी के भीतर पानी टंकी शौचालय के पास 11,000 के विद्युत करंट का खंभा विधुत तार और ट्रांसफार्मर विद्यालय परिसर में विभाग ने जबरिया लगा दिया जबकि विद्यालय परिसर में विद्युत खंभा और ट्रांसफार्मर लगाए जाने से अध्यापकों ने विभाग को मना किया विद्युत खंभा तार और ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट के चलते कई बार विद्युत तार टूट कर गिर चुकी हैं और कई बार ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकल चुकी है जिससे विद्युत करंट फैलने की आशंका बनी रहती है विद्यालय परिसर में लगे ट्रांसफार्मर विद्युत तार खंभे को हटाने का निर्देश 2 वर्ष पूर्व सिराथू विधायक शीतला प्रसाद ने भी अधिकारियों को दिया था लेकिन विधायक का निर्देश अधिकारियों के ठेंगे पर है विधायक के पत्र पर दो-दो वर्ष बाद भी कार्यवाही ना होने पर विधायक अपने पत्र के मामले को लेकर गंभीर नहीं है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में आम जनता को विधायकों के पत्र पर कितना न्याय मिलता होगा विद्यालय में ट्रांसफार्मर विद्युत तार से चिंगारी उठने से स्कूल के छात्र बच्चे भयभीत रहते हैं जहां पर विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया है बगल में शौचालय भवन बना है उसमें पानी की टंकी लगी है जिससे हमेशा विद्युत करंट का संकट बना रहता है लेकिन बच्चों के सर पर मौत के इंतजाम करने वाले अधिकारियों पर ना तो कार्रवाई हो सकी है और ना ही विद्यालय परिसर में लगाया गया ट्रांसफार्मर और विद्युत तार को हटाया गया है।


विद्यालय परिसर के भीतर लगा ट्रांसफार्मर का दृश्य

## सम्पादकीय

### आतंक का नया ट्रेंड

आम लोगों को निशाना बनाना अपेक्षाकृत आसान भी है। इसके लिए बहुत गहरी प्लानिंग की जरूरत नहीं होती। इन सबके अलावा इसका एक और अहम पहलू है। इस पर अफगानिस्तान के हालिया घटनाक्रम की भी छाप दिखती है। अमेरिका की वापसी के बाद जब से तालिबान सत्ता में आए हैं, अफगानिस्तान के शहरों में बंदूकधारियों द्वारा चुन-चुनकर महिला कार्यकर्ताओं, सोशल वर्करों और पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है। जम्मू कश्मीर में पिछले दिनों हुई आतंकी घटनाएं कई कारणों से चिंताजनक हैं। अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को मिला विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद बड़े पैमाने पर उथलपुथल की आशंका को गलत साबित करते हुए सुरक्षा बलों ने यहां काफी हद तक शांति बनाए रखने में कामयाबी हासिल की थी। हाल की घटनाओं से शांति भंग होने का संदेश जा रहा है, जो अच्छा नहीं है। मंगलवार को 68 वर्षीय केमिस्ट माखनलाल बिंद्रू समेत तीन लोगों की हत्या किए जाने के दो दिन बाद ही आतंकवादी श्रीनगर के एक सरकारी स्कूल में घुस आए और प्रिंसिपल सतिंदर कौर और शिक्षक दीपक चांद की हत्या कर दी। एक हफ्ते में श्रीनगर में ही सात नागरिक मारे जा चुके हैं। दूसरी बात यह कि इन आतंकी घटनाओं के पीछे एक अलग पैटर्न दिख रहा है। आतंकी इस बार आम लोगों को और उनमें भी गैर-मुस्लिमों को निशाना बना रहे हैं। इनमें भारी-भरकम हथियार भी इस्तेमाल नहीं किए जा रहे हैं। ज्यादातर घटनाओं में पिस्तौल का उपयोग किए जाने की सूचना है। यह काम उन नए लोगों से भी करवाया जा सकता है, जिन्हें खास ट्रेनिंग देने का मौका नहीं मिला हो। यानी पाकिस्तान के आतंकी शिविरों में प्रशिक्षित आतंकवादियों के बजाय आतंकी प्रवृत्ति के स्थानीय युवाओं के सहारे आतंकवाद के इस नए रूप को आगे बढ़ाया जा सकता है।


आम लोगों को निशाना बनाना अपेक्षाकृत आसान भी है। इसके लिए बहुत गहरी प्लानिंग की जरूरत नहीं होती। इन सबके अलावा इसका एक और अहम पहलू है। इस पर अफगानिस्तान के हालिया घटनाक्रम की भी छाप दिखती है। अमेरिका की वापसी के बाद जब से तालिबान सत्ता में आए हैं, अफगानिस्तान के शहरों में बंदूकधारियों द्वारा चुन-चुनकर महिला कार्यकर्ताओं, सोशल वर्करों और पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है।

इसके सहारे यह संदेश दिया जा रहा है कि अब अफगानिस्तान में उनकी जरूरत नहीं है। चूंकि तालिबान और कश्मीर में सक्रिय आतंकवाद, दोनों को पाकिस्तान का समर्थन हासिल है, इसलिए कश्मीर में तालिबान शैली को अमल में लाए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जाहिर है, इस साजिश को शुरू में ही खत्म करना पड़ेगा। अगर यह कुछ दूर भी चल गई तो न केवल जम्मू कश्मीर में शांति व्यवस्था को बल्कि वहां के सामाजिक ताने-बाने को भी तहस नहस कर सकती है। चूंकि इसमें स्थानीय कारकों की भूमिका ज्यादा है, इसलिए चुनौती भी कठिन है। न केवल सुरक्षा बलों को अपनी चौकसी बढ़ानी पड़ेगी बल्कि अपने खुफिया नेटवर्क को भी चाक-चौबंद रखना पड़ेगा। इसके अलावा समाज के अलग-अलग हिस्सों में दूरियां बढ़ाने की साजिशों को लेकर खास सतर्क रहना होगा। आतंकी नेटवर्क अफवाहों के सहारे भी दूरियां बढ़ाने और फिर उसका फायदा उठाने की ताक में रहता है। हर संभव तरीके से इन साजिशों को नाकाम करने और कश्मीरियों के हर तबके तक पहुंच बनाते हुए उन्हें विश्वास में लेने के प्रयास साथ-साथ करने होंगे।

## बीमारियों की सौगात परोस रहा है वायु प्रदूषण, नहीं संभले तो स्थिति गंभीर हो जायेगी

**योगेश कुमार गोयल**

भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली संक्रामक बीमारियों में सांस संबंधी बीमारियों का प्रतिशत करीब 69 फीसदी है और देशभर में 23 फीसदी से भी ज्यादा मौतें अब वायु प्रदूषण के कारण ही होती हैं। दुनियाभर में वायु प्रदूषण के खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है, यहां तक कि लोगों की आयु घटने का भी एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। हाल ही में बेल्जियम में हुए एक अध्ययन में शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सामान्य वायु प्रदूषकों से भी हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। प्रमुख शोधकर्ता सैन मैटेओ फाउंडेशन के डॉ. फ्रांसेस्का आर जेंटाइल के अनुसार सात सामान्य प्रदूषकों का अध्ययन करने पर पाया गया कि इनके कारण हृदय गति रूकने का खतरा बढ़ा। इस अध्ययन में रोजमर्रा के प्रदूषकों की सांद्रता तथा अस्पताल के बाहर देखे गए काडियाक अरेस्ट के मामलों के बीच संबंधों की पहचान की गई।

दरअसल वायु प्रदूषण का प्रभाव मानव शरीर पर निरन्तर घातक होता जा रहा है। वर्ष 1990 तक जहां 60 फीसदी बीमारियों की हिस्सेदारी संक्रामक रोग, मातृ तथा नवजात रोग या पोषण की कमी से होने वाले रोगों की होती थी, वहीं अब हृदय तथा सांस की गंभीर बीमारियों के अलावा भी बहुत सी बीमारियां वायु प्रदूषण के कारण ही पनपती हैं। सिर के बालों से लेकर पैरों के नाखून तक अब वायु प्रदूषण की जद में होते हैं। भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। नेशनल हैल्थ प्रोफाइल 2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली संक्रामक बीमारियों में सांस संबंधी बीमारियों का प्रतिशत करीब 69 फीसदी है और देशभर में 23 फीसदी से भी ज्यादा मौतें अब वायु प्रदूषण के कारण ही होती हैं। विभिनन्न रिपोर्टों में यह तथ्य भी सामने आया है कि भारत में लोगों पर पीएम 2.5 का औसत प्रकोप 90 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक के मुताबिक पिछले दो दशकों में देशभर में वायु में प्रदूषक कणों की मात्रा में करीब 69 फीसदी तक की वृद्धि हुई है और जीवन प्रत्याशा सूचकांक, जो 1998 में 2.2 वर्ष कम था, उसके मुकाबले अब एक्यूएलआई की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 5.6 वर्ष तक कमी आई है। अमेरिका की शिकागो यूनिवर्सिटी के 'द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के शोधकर्ता एक अध्ययन के बाद खुलासा कर चुके हैं कि वायु प्रदूषण के ही कारण भारत में लोगों की औसत आयु कम हो रही है।

कुछ अध्ययनों के अनुसार भारत की कुल 1.4 अरब आबादी का बड़ा हिस्सा ऐसी जगहों पर रहता है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण का औसत स्तर डब्लूयूएचओ के मानकों से ज्यादा है। 84 फीसदी व्यक्ति ऐसी जगहों पर रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर भारत द्वारा तय मानकों से अधिक है। भारत की एक चौथाई आबादी बेहद प्रदूषित वायु में जीने को मजबूर है और यदि प्रदूषण का स्तर बरकरार रहता है तो उत्तर भारत में करीब 25 करोड़ लोगों की आयु में आठ साल से ज्यादा की कमी आ सकती है। उत्तर भारत दक्षिण एशिया में सर्वाधिक प्रदूषित हिस्से के रूप में उभर रहा है, जहां पार्टिकुलेट प्रदूषण पिछले 20 वर्षों में 42 फीसदी बढ़ा है और जीवन प्रत्याशा घटकर 8 वर्ष हो गई है।

हालांकि भारत 'नेशनल क्लीन एयर कार्यक्रम के तहत वर्ष 2024 तक पार्टिकुलेट प्रदूषण को 20-30 फीसदी तक घटाने के लिए प्रयासरत है लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि भारत अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ तो इसके गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। यदि भारत अगले कुछ वर्षों में प्रदूषण का स्तर 25 फीसदी भी घटा लेता है तो राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा 1.6 वर्ष और दिल्लीवालों की 3.1 वर्ष बढ़ जाएगी। कुछ ही दिनों पहले 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक (एक्यूएलआई) की नवीनतम रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण तरह-तरह की बीमारियां पैदा करने के अलावा लोगों की आयु भी घटा रहा है अर्थात् इसका सीधा प्रभाव जीवन प्रत्याशा पर पड़ रहा है। भारत के संदर्भ में रिपोर्ट में कई सनसनीखेज तथ्य उजागर किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के अनुमानित प्रभावों की तीव्रता सम्पूर्ण उत्तर भारत में बहुत ज्यादा है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनियाभर में सबसे ज्यादा खतरनाक है। एक्यूएलआई रिपोर्ट के अनुसार यदि वर्ष 2019 जैसा वायु प्रदूषण संघनन जारी रहा तो दिल्ली, मुम्बई और कोलकाता जैसे सर्वाधिक प्रदूषित महानगरों में रहने वाले लोग अपनी जिंदगी के नौ से ज्यादा वर्ष खो देंगे। रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब 48 करोड़ लोग गंगा के मैदानी क्षेत्र में रहते हैं, जहां प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है और यह प्रदूषण अब गंगा के मैदानों से आगे मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे राज्यों तक फैल गया है, जहां खराब वायु गुणवत्ता के कारण लोग 2.5 से 2.9 वर्ष की जीवन प्रत्याशा खो सकते हैं। हालांकि इस रिपोर्ट के मुताबिक केन्द्र द्वारा संचालित राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लक्ष्य राष्ट्रीय जीवन प्रत्याशा को 1.7 वर्ष तक बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं लेकिन इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक मोर्चे पर ठोस नीतियों की आवश्यकता है। कुछ समय पूर्व बोस्टन के 'हैल्थ इफैक्ट इंस्टीच्यूट तथा 'हैल्थ मैट्रिक्स एंड एवल्यूशन की प्रदूषण के मनुष्यों की आयु पर पड़ने वाले अच्छे-बुरे प्रभावों को लेकर किए गए अध्ययन की रिपोर्ट भी सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि भारत सहित सभी एशियाई देशों में वायु में घुलनशील प्रदूषणकारी तत्वों पीएम 2.5 की मात्रा निरन्तर बढ़ रही है। अध्ययनकर्ताओं का कहना था कि पीएम 2.5 का स्तर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा अफ्रीकी देशों में डब्लूयूएचओ के मानकों से बहुत ज्यादा है, जिस कारण दुनियाभर के प्रत्येक क्षेत्र में जीवन प्रत्याशा में कमी आ रही है। आईसीएमआर की एक रिपोर्ट में भी कहा जा चुका है कि वायु प्रदूषण के कारण भारत में औसत आयु घट रही है।

पिछले साल 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट द्वारा भी कहा गया था कि वायु प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों के कारण देश में जीवन प्रत्याशा औसतन 2.6 वर्ष घट गई है। बहरहाल, शोधकर्ताओं का कहना है कि वायु की गुणवत्ता में सुधार करके इस स्थिति को और बिगड़ने से बचाया जा सकता है। एक्यूएलआई के निदेशक केन ली कहते हैं कि जीवाश्म ईंधन संचालित वायु प्रदूषण आज एक वैश्विक समस्या है और वायु प्रदूषण से मुक्ति पूरी दुनिया को औसत आयु में दो वर्ष जबकि सर्वाधिक प्रदूषित देशों को पांच साल बढ़त दिला सकती है। ली के मुताबिक अगर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल वायु गुणवत्ता को विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप बनाने में सफल हो जाएं तो यहां के लोगों की औसत आयु 5.6 वर्ष बढ़ जाएगी अन्यथा उम्र इतनी ही घट जाएगी। शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के निदेशक और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर माइकल ग्रीनस्टोन के मुताबिक वायु प्रदूषण पर अब गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है ताकि करोड़ों-अरबों लोगों को अधिक समय तक स्वस्थ जीवन जीने का हक मिल सके।

## भाषाएं कहीं महज बोलियों में न बदल जाएं

**जमील गुलरेज**

पिछले दिनों पाकिस्तान से उर्दू को लेकर एक खबर सामने आई। खबर कुछ यूं थी, 'पाक सुप्रीम कोर्ट ने उर्दू को लेकर इमरान खान को लगाई फटकार।' खबर को परखने पर पता चला कि, 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ पाकिस्तान ने उर्दू को सरकारी जबान लागू न करने पर संघीय सरकार से जवाब तलब किया। जस्टिस उमर अता बंदियाल ने रिमार्क्स दिए कि मादरी और कौमी जबान के बगैर हम अपनी पहचान खो देंगे।

कोर्ट ने पंजाबी जबान को लागू न करने पर पंजाब हुकूमत से भी जवाब तलब कर लिया। जस्टिस बंदियाल ने अपने रिमार्क्स में यह भी कहा कि संविधान के आर्टिकल 251 में कौमी जबान के साथ-साथ मुकामी जबानों का भी उल्लेख है, और हमें भी अपने पूर्वजों की तरह फारसी और अरबी पढ़नी चाहिए। इस खबर को पढ़ने के बाद पक्का यकीन हो गया कि 1947 में हमारे बीच लकीर जरूर खींच दी गई, उसके बाद हम दोनों एक दूसरे के जानी दुश्मन भी बन गए हैं, लेकिन हमारी रगों में दौड़ता खून हमसे हरकतें तो एक जैसी करा रहा है। सारी बातों को छोड़, आज हम सिर्फ भाषाओं के प्रति अपनी बेदर्दी और बेरहमी की ही बात करेंगे। हमारी पिछली तीन पीढ़ियां लगातार अंग्रेजी में ही पढ़ती-लिखती आ रही हैं, बोलतीं भले ही वे अपनी मातृभाषा हों, लेकिन पढ़ने लिखने के स्तर पर वे लगातार मातृभाषाओं से दूर होती जा रही हैं। अगर यही हाल रहा तो अगले सत्तर-अस्सी बरसों में हमारी जबानें बोलियां बन के रह जाएंगी। पाकिस्तान में जब हम उर्दू पर नजर दौड़ाते हैं तो हमें जनाब अनवर मकसूद का कथन याद आ जाता है, 'पाकिस्तान में उर्दू का वही हाल है जो भारत में अंग्रेजी का। आती किसी को नहीं, बोले हर कोई जा रहा है।' भाषाएं कैसे केवल 'बोलियां' बनकर रह जाती हैं, इसका जीता जागता प्रमाण सिंधी भाषा है। जब हम स्कूल जाया करते थे, तब उर्दू जबान के स्कूलों के साथ सिंधी भाषा के स्कूल भी होते थे। वक्त के साथ सिंधी जबान के स्कूल गायब होते गए, और सिंधी लिखने और पढ़ने वाले लुप्त होते गए। अपने स्कूल के जमाने में जो सिंधी जबान हमारी नजरों से गुजरती थी, वह उर्दू जैसी लिपि में नजर आती थी। जानकार कहते हैं एक जमाने में सिंधी, अरबी और देवनागरी दोनों लिपियों में लिखी जाती थी। लेकिन धीरे-धीरे अरबी लिपि का जोर नजर आने लगा।

पाकिस्तान में आज भी ये जबान अरबी लिपि में ही नजर आती है, लेकिन अंग्रेजी के प्रभाव के कारण अब बच्चे इसे ज्यादातर रोमन में ही लिखते पढ़ते हैं। यही हाल लगभग सारी जबानों का है। पाकिस्तान में भी अब ज्यादातर ऊंचे तबके के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी ही पढ़ा रहे हैं, और उनकी देखा-देखी हर किसी की आरजू होती है कि उनका बच्चा अंग्रेजी पढ़े और फर्र-फर्र अंग्रेजी बोले। भारत में भी लगातार भारतीय भाषाओं के स्कूल बंद होते जा रहे हैं, और अंग्रेजी स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारा खून एक है, हमारी आदतें एक हैं। ये बात भाषाओं की दुर्दशा को देख कर साफ-साफ कही जा सकती है। जिस पंजाबी जबान का जिक्र पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने किया है, वह भी उर्दू लिपि में ही लिखी जाती है। यह बात मैं इतने दावे से इसलिए कह सकता हूं क्योंकि फैज अहमद फैज का समग्र, 'नुस्खा-ए-वफा' मेरे सामने है, और मैं उनकी पंजाबी नज्में उर्दू लिपि में पढ़ रहा हूं। भाषा को लेकर दोनों देशों की अदालतों की चिंताएं एक जैसी ही हैं। पिछले हफ्ते ही सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने भी अदालतों के भारतीयकरण पर जोर दिया। भारतीयकरण से उनका मतलब अदालतों में हिंदी सहित स्थानीय भाषाओं के प्रयोग से था। उन्होंने साफ कहा कि अदालतों में अधिकतर अंग्रेजी ही चल रही है। जब दोनों मुल्कों की अदालतें अपनी भाषाओं को सहेजना चाहती हैं, तो ऐसे में हिंदुस्तान और पाकिस्तान दोनों को ही इस मसले पर गौरो-फिक्र करना होगा, वरना हावी होती अंग्रेजियत आने वाली पीढ़ियों से उसकी भाषा ही छीन लेगी। यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि जो कौमें अपनी भाषाओं को भुला देती हैं, उनके संस्कार भी धीरे-धीरे मिट जाते हैं।

## कन्या पूजन के महत्व से पहले कन्या स्वरूपों को जानना जरूरी

**डॉ. अलकनंदा शर्मा**

भारतीय धर्मशास्त्र में शक्ति की पूजा का संबंध शिव से है। शैव शक्तियां ही दुर्गा नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा या चण्डी के अनुष्ठान में नवदुर्गा (नव कन्याओं) का पूजन भी प्रचलित है। मंत्र महोदधि के अनुसार दो से नौ वर्ष तक की कुमारी बालिकाओं के पूजन का विधान है। दो से नौ वर्ष तक की आयु वाली कुमारियों के क्रमिक नाम इस प्रकार हैं- कुमारी, विधा अथवा त्रिमूर्ति, कल्याणी, रोहिणी, कालिका, शाम्भवी, दुर्गा, चाख्किा, सुभ्रदा। इसी प्रकार रूदसामल तंत्र में एक वर्ष से सोलह वर्ष तक की कुमारियों का उल्लेख है- 1 वर्ष की कन्या सन्ध्या, 2 वर्ष की कन्या सरस्वती, 3 वर्ष की कन्या त्रिधामूर्ति, 4 वर्ष की कन्या कालिका, 5 वर्ष की कन्यासुभगा, 6 वर्ष की कन्या उमा, 7 वर्ष की कन्या मालिनी, 8 वर्ष की कन्या कुलजा, 9 वर्ष की कन्या कालसन्दभा, 10 वर्ष की कन्या अपराजिता, 11 वर्ष की कन्या रूद्राणी, 12 वर्ष की कन्या भैरवी, 13 वर्ष की कन्या लक्ष्मी, 14 वर्ष की कन्या महालक्ष्मी, 15 वर्ष की कन्या क्षेत्रशा, 16 वर्ष की कन्या अम्बिका अर्थात् क्रमशः प्रतिपदा से पूर्णिमा तक वृद्धि भेद पूजन करना चाहिए।

कुमारी (5 से 12 वर्ष तक) कुलजा (8 से 13 वर्ष तक) युवती (10 से 16 वर्ष तक) देवता रूप में इनका चिन्तन अभीष्ट है। 6 से 9 वर्ष की कन्या का पूजन अभीष्ट फलदायक कहा गया है। कुमारी लक्षण पूजन हेतु कुमारी को 11 दोषों से विहीन होना चाहिए यथा हीनाड्गी, अधिकांड्गी, घृणित, चमरीगादि, नेत्र दोष, कुरूपा, कुबड़ी, अधिक रोम से युक्त तथा दासी उत्पन्न।

**कुमारी पूजन-** कुमारी पूजन में किसी भी प्रकार का जाति-भेद वर्जित है। अभीष्ट फल प्राप्ति के लिए बाधक है। सम्भवतः इसी कारण चातुर्वर्ण के आधार पर कन्याओं के पूजन में इस प्रकार है। ब्राह्मण कुमारी, मनोरथ सिद्धि के लिए क्षत्रिय कुमारी यश प्राप्ति के लिए, वैश्य कुमारी धन के लिए तथा शुद्र कुमारी के पूजन पुत्र की कामना के लिए किया जाता है। पुण्य मुहूर्त में मुख्य रूप से रामनवमी तिथि को कुमारी पूजन करना चाहिए विधिवत् गंध-पुष्प, धूप, दीप, भक्ष्य भोज्य एवं सुन्दर वस्त्र भरण से पूजन करने वाला व्यक्ति सर्वमंगल प्राप्त करता है तथा नेवैद्य बाल प्रिय होना चाहिए।

### नव दुर्गा-

**1. शैलीपुत्र -** इस प्रथम दिन के उपासना में साधक या योगी अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थिर करते हैं। यहीं से उनकी योगसाधना का प्रारम्भ होता हैं। शैल का अर्थ पर्वत यानी पर्वतराज हिमालय की पुत्री कहा जाता है।

**2. ब्रह्मचारिणी-** ब्रह्म का अर्थ तपस्या है यानी तप की चारिणी के रूप में ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। इनकी उपासना मनुष्य के तप, त्याग, वैराग्य सदाचार संयम की वृद्धि करने वाली होती है। जीवन के कठिन संघर्षों में भी साधक का मन मंतव्य पथ से विचलित नहीं होता। मां ब्रह्मचारिणी की कृपा से उसे सर्वत्र सिद्धि और विजय की प्राप्ति होती है। साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थिर होता है, इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और शक्ति प्राप्त करता है।

**3. चन्द्रघण्टा-** इनका यह स्वरूप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। इस दिन साधक का मन 'मणिपुरकचक्र' में प्रविष्ट होता है। उसे अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुंगधियों व विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनाई देती है तब ये क्षण साधक के लिए अत्यन्त सावधान रहने के होते हैं। मां चन्द्रघण्टा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना से साधक में वीरता-निर्भरता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का भी विकास होता हैं। साधक को देखकर लोग शान्ति और सुख का अनुभव करते हैं।

**4. कुष्माण्डा-** अपनी हल्की हंसी द्वारा ब्रह्माण्ड को उत्पनन्न करने के कारण इन्हें कुष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। मां की उपासना से समस्त रोग-शोक विनष्ट हो जाते है। इनकी भांति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मनुष्य को व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख समृद्धि और उननति की ओर ले जाने वाली है। अतरू अपनी लौकिक-परलौकिक उननति चाहने वालों को इनकी उपासना में सदैव तत्पर रहना चाहिए।

**5. स्कन्दमाता -** इस दिन साधक का मन 'विशुद्ध' चक्र के अवस्थित होता है। पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित मन वाले साधक की समस्त ब्रह्म क्रियाओं एवं चित्तव्यत्तियों का लोप हो जाता है। यह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर अग्रसर होता है। मां स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं। उसे परम शान्ति व सुख का अनुभव होने लगता है।

**6. कात्यायनी-** इस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। इनकी उपासना द्वारा मनुष्य को बड़ी सरलता से अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति हो जाती है। उसके रोग, शोक, संताप, भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं।

**7. कालरात्रि-** इस दिन साधक का मन 'सहस्त्राएं' चक्र में स्थित होता है। उनके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वारा खुलने लगता है। ये ग्रह-बंधाओं को भी दूर करने वाली है। इनके उपासक को अगिन्भेद, जलभय, जन्तु, श्णुभय, रात्रि भय आदि कभी नहीं होती हैं। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय मुक्त हो जाता है। मां कालरात्रि के स्वरूप विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित करके मनुष्य को एकनिष्ठ भाव से उनकी उपासना करनी चाहिए।

**8. महारात्रि -** इनकी उपासना से आर्तजनों के उन सम्भव कार्य भी सम्भव हो जाते हैं। ये मनुष्यों की वृत्तियों को सत की ओर प्ररित करके असत का विनाश करती है।

**9. सिद्धिदात्री-** इनकी साधना से साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता। ब्रह्माण्ड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने का सामर्थ्य उसमें आ जाता है। वह सभी सांसारिक इच्छाओं, आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठकर मानसिक रूप से मां की कृपा से विषय शून्य हो जाता है।

**सप्तशती-** सप्तशती के पाठ में सामान्यतया प्रथम मध्यम और उत्तम चरित्र का क्रमशः पाठ किया जाता है। इससे सब कामनाएं पूर्ण होती हैं, लेकिन विशेष प्रयोजनों में तीनों चरित्रों का क्रम भेद करने से अभीष्ट पूरा होता है-

**शत्रु-नाश हेतु - उत्तर, मध्यम, प्रथम चरित्र**
**लक्ष्मी प्राप्ति हेतु - उत्तर, प्रथम, मध्यम चरित्र**
**ज्ञान एवं श्री हेतु - मध्यम, प्रथम, उत्तर चरित्र**
**रक्षा एवं विजय हेतु - मध्यम, प्रथम, उत्तर चरित्र**
**आरोग्यता हेतु - मध्यम, उत्तर, प्रथम चरित्र**

## कुछ तो मजबूरियां रहीं होंगी, यूं ही कोई जिस्म नहीं बेचता

**विनीत त्रिपाठी**

बेहद शर्मिंदगी महसूस करते हुए आगे लिखना पड़ रहा है और उतने ही मजबूर आप भी हो रहे होंगे क्योंकि आप वो पढ़ रहे हैं जो आपने कभी महसूस नहीं किया होगा। सोचिए, और खुद से सवाल कीजिए हम कहां तक पहुंचते जा रहे हैं। आज 2 अक्टूबर है। राष्ट्रपति महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन है। उन्हीं महात्मा गांधी ने जिन्होंने कहा था कि अगर एक अकेली स्त्री सारी रात सुरक्षित घूम सके तो समझना कि देश आजाद हो गया। और हां एक बात और मुझ पर इल्जाम मत लगाइयेगा कि मैंने शीर्षक बशीर बद्र के उस शेर से लिया है जिसमें उन्होंने लिखा कि कुछ तो मजबूरियां रहीं होंगी यूं ही कोई बेवफा नहीं होता। जी हां, बशीर बद्र साहब के इसी शेर से मैंने ये शीर्षक बुना है। आज यहां पर सवाल उठ रहा है कि हमारे इंसान होने पर। हम क्या होते जा रहे हैं। हिंदुस्तान के गौरव और यहां की संस्कृति का गुणगाम करते नहीं थकते यहां के वेद, पुराण और तमाम वो बड़ी-बड़ी बातें जिसमें कहा जाता है यत्र तु नार्यः पूज्यन्ते तत्र देवताः रमन्ते, यत्र तु एताः न पूज्यन्ते तत्र सर्वाः क्रियाः अफलाः (भवन्ति) । जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं और जहां स्त्रियों की पूजा नहीं होती है, उनका सम्मान नही होता है वहां किये गये समस्त अच्छे कर्म निष्फल हो जाते हैं। बेमानी हैं ये सब। कहां चली जाती है वो संस्कृति जब एक 11 साल की लड़की को अपना जिस्म बेचना पड़ता है ताकि उसकी मां का इलाज हो जाए। सोचिए किस हद तक गिर गए है हम लोग। अब इससे ज्यादा क्या हो सकता है। इससे भी बड़ा दुर्भाग्य ये 11 साल की मासूम के साथ अगर ऐसा हो जाता तो क्या ये समाज उस लड़की को इज्जत की नजर से देखेगा। क्या कोई उसका हाथ थामेगा। उसको समाज में किस तरह की फब्तियों का शिकार होना पड़ेगा। क्या वो बच्ची जिसने अपनी मां की जान बचाने के लिए अपने जिस्म को दरिंदों को बेंच देने का फैसला किया। क्या कानून, क्या सरकारें, क्या वो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं हम लोग। बड़े-बड़े ज्ञानी जिनके लाखों, करोड़ों अनुयायी हैं जो अपना एक साम्राज्य चलाते हैं कहां है वो सब। जो बात-बात में वॉट्सअप, ट्विटर, फेसबुक पर जंग लड़ते थे। ज़रा 9 साल पहले फ्लैश बैक पर चाहिए। आंखें मूंदिए और लुटियंस दिल्ली को देखिए। चारों तरफ सिर्फ आंदोलन थे, पानी की बौछारों के बीच हाथों पर तख्तियां थी। उन तख्तियों में निभन्या के लिए न्याय मांगा जा रहा था। मुझे याद है कड़कड़ाती ठंड में पानी की बौछारें भी युवाओं को टस से मस नहीं कर पा रहीं थीं। मगर दुर्भाग्य निभन्या को न्याय मिलने के लिए 8 साल लग गए। उनके मां-बाप को सैकड़ों नहीं हजारों बार जज के सामने ये बताना पड़ा कि कैसे उनकी लड़की को भेड़ियों ने नोचा। लेकिन उनकी लड़ाई ने मुजरिमों को फांसी के तख्ते तक पहुंचाया।मैंने उस लड़की को देखा नहीं, कभी मिला नहीं लेकिन शायद उसके दर्द का एक अंश महसूस किया। एक अंश ने ही मेरे पैरों के नीचे से जमीन खिचका दी। एक मां जिसने एक बेटी को 9 महीने खून से सींचा। उसके बाद जब वो पैदा हुई तो उसको पाला, बड़ा किया पढ़ाया लिखाया। लेकिन उस मां को गंभीर बीमारी कैंसर ने अपनी जद में ले लिया। उस बच्ची से उसके जिस्म का सौदा किया गया। उससे कहा गया कि उसको 5000 रुपये में वर्जिनिटी बेंचनी पड़ेगी तब उसको पैसा मिलेगा। मजबूरी का आलम यह कि लड़की का 40 हजार रुपये में एक ग्राहक के साथ सौदा भी कर दिया जाता है। हैरान मत होइए। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं ने ही गरीब लड़की को आर्थिक मदद का वादा किया था। मतलब कहा जाता है कि एक औरत का दर्द एक औरत ही समझ सकती है मगर यहां तो उन्हीं ने उसकी बोली लगा दी। लड़की के पैसों की जरूरत को उन्होंने कमाई का जरिया समझ लिया।

## सनाथ की खुशी को तरसते अनाथ

**हेमन्त भोपाले**

अनाथ के दर्द को समझना असम्भव है, क्योंकि कोई भी अनाथ के दर्द की अनुभूति को प्राप्त करने के लिए अनाथ नहीं होना चाहेगा। अनाथ जीवन के तमाम पहलुओं को एक पुस्तक में समाहित किया है इंदौर और उज्जैन के दो वरिष्ठ साहित्यकारों ने। इंदौर के श्री राम मूरत 'राही और उज्जैन के श्री सन्तोष सुपेकर ने उज्जैन और इंदौर के कई वरिष्ठ और नए लघुकथाकारों के अनाथ जीवन पर आधारित लघुकथा संकलन को पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया। लगभग 41 लेखकों ने अनाथ जीवन के दर्द को बहुत खूबसूरती से प्रस्तुत किया है। लघुकथा लेखन के क्षेत्र में यूं तो कई पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है, लेकिन अनाथ जीवन के दर्द के विषय पर संभवतः देश में यह पहली पुस्तक है। पुस्तक में लेखकों ने जिस तरीके से अनाथ जीवन के दर्द और सुकून को दर्शाया है, शायद उसे हम अनाथ जीवन की समग्रता कह सकते हैं। श्री राही और श्री सुपेकर के लघुकथा लेखन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। इस तरह की पुस्तक का प्रकाशन करने से अन्य लेखकों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। हम सबकी यही मानसिकता है कि अनाथ अमूमन बच्चे ही होते हैं, परन्तु ऐसा नहीं है। अनाथ वे लोग भी हो जाते हैं, जिनके माता-पिता वृद्धावस्था को प्राप्त कर आयु पूर्ण कर मृत्यु को प्राप्त होते हैं। पर तब तक हम सब लोग माता-पिता के होने का सुख तो प्राप्त कर ही लेते हैं। परिपक्व परिस्थितियों में अनाथ होने पर व्यक्ति सम्भल चुका होता है। बच्चों के अनाथ होने और बड़ों के अनाथ होने में जमीन-आसमान का अन्तर होता है। बच्चों को सदैव सन्हे, आशीष, प्यार-दुलार चाहिए होता है। जिनके माता-पिता नहीं होते, जो सन्हे, आशीष, प्यार-दुलार से वंचित रहते हैं, जो अपनेपन को हमेशा तरसते हैं, वे अनाथ होने के श्राप को झेलते हुए पल-पल मन को मारते हुए जीवन यापन करते हैं। अपने मन की भावना को किसी को बता भी नहीं सकते।

डॉ. चंद्रा सायता की लघुकथा ने एक ही कथा में यह बता दिया कि केवल माँ के मरने से ही कोई अनाथ नहीं होता, जिन फलों को बेचकर कोई बच्चा अपना जीवन पालता है, वह फल भी सूखने पर किसी को अनाथ सा ही बना देता है। हालाँकि फलों का विषय लघुकथा के अन्त में बताया, पर अन्त भी अनाथ के नए अर्थ को परिभाषित कर रहा है।श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता की रचना 'निगाहें एक अनाथ और दिव्यांग होने के दोहरे दर्द को बयां कर रही है। अनाथ को तो सनाथ मिलने की संभावना रहती है, पर यदि कोई अनाथ के साथ ही दिव्यांग भी हो तो पूरी दुनिया उसे अनाथ ही रहने देती है। कोई उसे अपना नहीं बनाना चाहता।डॉ. क्षमा सिसोदिया की दो रचनाएँ 'अधूरी माँ और 'बैरंग चिट्ठी प्रकाशित की गई। इसमें 'अधूरी माँ के रूप में दुनिया में जीवनभर अकेले रहने के बावजूद क्षणभर के अपनेपन का सुख बताया। कैसे एक 'मौसी माँ-बाप के होते हुए किसी और की बेटी का विवाह करवाकर अकेले होकर भी क्षणभर के लिए अनाथ से सनाथ बन जाती है। 'मौसी द्वारा किया गया कार्य दुनियाभर के लिए अच्छा उदाहरण है।सुश्री चेतना भाटी की लघुकथा आभास एक निर्जीव वस्तु से भी किसी के होने का अहसास कराती है। सुश्री ज्योति जैन की दो लघुकथा 'अनाथ न्न/ए अपराध और 'यतीम अनाथ की अलग-अलग परिभाषा बता रहे हैं। अनाथ न/ अपराध में जहाँ सड़कों पर रहने वाले बच्चों को लेकर दुनिया के नजरिए को बताया गया है, वहीं दूसरी लघुकथा में यह भी बताया कि जो अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ जाते हैं, वे भी माता-पिता के होते हुए यतीम कहलाते हैं।

# रोहित शर्मा ने हार्दिक पांड्या की फिटनेस पर दिया बड़ा अपडेट, बताया कब शुरू करेंगे बॉलिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय चीफ सिलेक्टर चेतन शर्मा को भरोसा था कि हार्दिक पांड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में बॉलिंग करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अब लिमिटेड ओवर क्रिकेट में भारतीय उप-कप्तान रोहित शर्मा ने उम्मीद जताई है कि यह ऑलराउंडर टी-20 वर्ल्ड कप से पहले अगले सप्ताह बॉलिंग करना शुरू कर देगा।

पांड्या ने आईपीएल के यूएई चरण में पांच मैच खेले, जिनमें उन्हें खास सफलता नहीं मिली। चयनसमिति के अध्यक्ष की सार्वजनिक घोषणा के बाद लग रहा था कि वे बॉलिंग करेंगे, लेकिन उन्होंने इस बीच एक भी ओवर नहीं किया।रोहित ने आईपीएल में मुंबई के आखिरी मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस से कहा, 'जहां तक हार्दिक की बॉलिंग का सवाल है तो फिजियो और ट्रेनर उसकी गेंदबाजी पर काम कर रहे हैं। उसने अभी तक एक भी गेंद नहीं की है। हम एक बार में एक मैच को ध्यान में रखकर उसकी फिटनेस का आंकलन करना चाहते थे।' उन्होंने कहा, 'उसमें रोज सुधार हो रहा है। हो सकता है कि अगले सप्ताह तक वह बॉलिंग करने लग जाए। केवल डॉक्टर और फिजियो इसके बारे में बता सकते हैं।'आईपीएल 2021 के यूएई फेज में पांड्या ने बल्लेबाजी में भी निराश किया और केवल 127 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 14.11 और स्ट्राइक रेट 113.39 रहा। रोहित ने कहा, 'जहां तक उसकी बल्लेबाजी का सवाल है, वह थोड़ा निराश होगा, लेकिन वह बेहतरीन खिलाड़ी है। वह इससे पहले भी मुश्किल परिस्थितियां से बाहर निकला है।' उन्होंने कहा, 'वह अपनी बल्लेबाजी से खुश नहीं होगा, लेकिन टीम को उसकी क्षमताओं पर भरोसा है। मुझे खुद उसकी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है।' रोहित मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ियों की फॉर्म से चिंतित नहीं हैं, क्योंकि टी-20 वर्ल्ड कप अलग तरह का टूर्नामेंट होगा, जहां कोई खिलाड़ी प्रैक्टिस के दौरान भी लय में लौट सकता है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में क्या हुआ और टी-20 वर्ल्ड कप में क्या होने जा रहा है, मैं इस पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देना चाहता। टी-20 वर्ल्ड कप अलग तरह का टूर्नामेंट है और फ्रेंचाइजी क्रिकेट उससे अलग है। इसलिए आप इन पहलुओं पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दे सकते। फॉर्म मायने रखती है, लेकिन दोनों जगह टीमें अलग हैं। इसलिए आप इस पर बहुत अधिक गौर नहीं कर सकते।' रोहित के अलावा मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन, राहुल चाहर और जसप्रीत बुमराह भी टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं।



## टी-20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम से जुड़े जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी फ्लावर, मिली यह अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 17 अक्टूबर से शुरू हो रहे टी-20 विश्व कप से पहले अफगानिस्तान टीम ने जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी फ्लॉवर को बतौर सलाहकार टीम से जोड़ा है। फ्लॉवर के पास काफी अनुभव मौजूद है और वह इंग्लैंड जैसी टीम की हेड कोच भी रह चुके हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल समेत विश्व भर की लीग में कोचिंग दे चुके हैं। अफगानिस्तान की टीम को वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच 25 अक्टूबर को खेलना है। टीम को इस बार ग्रुप-2 में भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। इस टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान मोहम्मद नबी के हाथों में सौंपी गई है। एसीबी के अध्यक्ष अजीजुल्लाह फाजली ने एक बयान में कहा, 'हमें खुशी है कि एंडी एसीबी में शामिल हुए हैं। एंडी ने हमारे कई खिलाड़ियों के साथ विभिन्न फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में काम किया है और उनका विशाल अनुभव विश्व कप में टीम की मदद करने के लिए बहुत फायदेमंद और उपयोगी होगा।' गौरतलब है कि 2009 स ा` 2014 तक इंग्लैंड टीम को कोचिंग देने वाले और उसे 2010 में वेस्ट इंडीज में आईसीसी टी-20 विश्व कप जिताने में मदद करने वाले फ्लॉवर अफगानिस्तान क्रिकेट के बायो-बबल में शामिल हो गए हैं।

फ्लॉवर ने अपना कोचिंग करियर शुरू करने से पहले जिम्बाब्वे के लिए 63 टेस्ट और 213 वनडे मैच खेले और इंग्लैंड के साथ काम करने के बाद से उन्होंने आईपीएल, सीपीएल, पीएसएल और द हंड्रेड सहित दुनिया भर में विभिन्न फ्रेंचाइजी और टी-20 लीग में कोचिंग दी है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम छह अक्टूबर को काबुल से कतर के लिए रवाना हुई थी और अब उसक टी-20 विश्व कप में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात पहुंचने का कार्यक्रम है।



## सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सूर्यकुमार यादव की खास पारी पर सचिन तेंदुलकर बोले, अब आपका रोल बड़ा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 के यूएई फेज में शुरुआती मैचों के दौरान सूर्यकुमार यादव और इशान किशन को रन न बनाने पर जमकर आलोचनाएं झेलनी पड़ी थीं। हालांकि अब अच्छी बात यह है कि दोनों ही खिलाड़ी अपनी खराब फॉर्म से उबर चुके हैं। शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दोनों खिलाड़ियों ने अपने बल्ले का रौद्र रूप दिखाते हुए यादगार पारियां खेलीं। इस दौरान सलामी बल्लेबाज किशन ने 32 गेंदों में 84, जबकि सूर्यकुमार ने 40 गेंद में 82 रन बनाए। दोनों ने लगभग बराबर रन बनाए, लेकिन 'मैन ऑफ द मैच' अवॉर्ड किशन को मिला। मैच के बाद मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में सूर्यकुमार को महान सचिन तेंदुलकर द्वारा सम्मानित किया गया। मुंबई ने इस मौके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें सचिन सूर्यकुमार को कहते नजर आ रहे हैं, 'टी-20 वर्ल्ड कप के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। अब आपका रोल बड़ा है।' इसके जवाब में सूर्यकुमार सचिन को धन्यवाद कहते हुए नजर आते हैं। हैदराबाद के खिलाफ सूर्यकुमार और किशन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की दम पर मुंबई ने आईपीएल इतिहास का बेस्ट स्कोर बनाया। टीम का इससे पहले बेस्ट स्कोर 223 था, जो उसने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 2017 में बनाया था। मुंबई को प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए सनराइजर्स को 65 रन के स्कोर से कम पर रोकना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मैच खत्म होने के बाद मुंबई और कोलकाता नाइट राइडर्स के एक समान 14 प्वॉइंट्स रहे, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम खराब नेट रनरेट (0.116) के कारण पांचवें स्थान पर रही। नाइट राइडर्स ने बेहतर नेट रन रेट (0.587) से चौथा स्थान हासिल किया और प्लेऑफ में जगह बनाई।



# 'मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड 0-5 के अंतर से हारेगा एशेज टेस्ट सीरीज'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन क्रिकेट से जुड़े मुद्दों पर बयानबाजी और भविष्यवाणी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक बार फिर ऐसा ही करते हुए इस साल के आखिर में शुरू होने वाली एशेज सीरीज को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। उनके मुताबिक, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली इस बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज में मेजबान कंगारुओं का पलड़ा भारी रहेगा और यहां इंग्लैंड 0-5 के अंतर से टेस्ट सीरीज गंवा देगी। पांच मैचों की यह एशेज टेस्ट सीरीज आठ दिसंबर से शुरू होनी है और यह 18 जनवरी तक चलेगी।


इस सीरीज के नतीजे के बारे में बात करते हुए वॉन ने कहा कि उन्हें लगता है कि इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से हार सकता है। उन्होंने इंग्लैंड की पहले न्यूजीलैंड और फिर भारत के खिलाफ हाल ही में खत्म हुए टेस्ट सीरीज के प्रदर्शन का हवाला दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई तो यह उनके लिए लंबा और दुखद दौरा साबित हो सकता है। 'एबीसी स्पोर्ट्स' से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'इस सीरीज का अंतर 5-0 हो सकता है। आपको रियलिस्टिक होना पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया के पिछले चार दौरों में इंग्लैंड को दो बार 5-0 और एक बार 4-1 से हार मिली है। यह बात भी है कि उन्होंने ऑस्ट्रलियाई जमीन पर 2010-11 में 3-1 के अंतर से जीत हासिल की थी। वॉन ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि इंग्लैंड की यह टेस्ट टीम अगर लय में आ जाती है और अच्छा खेलती रहती है तो ठीक रहेगा। लेकिन अगर वे खराब शुरुआत करते हैं, तो यह उनके लिए एक लंबा दौरा साबित होने वाला है।

बता दें कि कोरोना काल के दौरान इंग्लैंड ने इस साल अच्छी शुरुआत करते हुए श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीती, लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन लगातार खराब होता गया। टीम को इसके बाद पहले भारत ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 के अंतर से हराया। इसके बाद इंग्लिश टीम को अपने घर में न्यूजीलैंड से दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-1 से हार मिली और इसके बाद भारत के खिलाफ भी टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 के अंतर से पिछड़ रही है। इस सीरीज का एक मैच अभी खेला जाना बाकी है।



## तहलिया मैकग्रा बनीं टीम इंडिया की जीत में रोड़ा, ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता दूसरा टी-20 मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में कंगारू टीम ने टीम इंडिया को 4 विकेट से हरा दिया है। भारतीय टीम से मिले 119 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने 5 गेंद शेष रहते हुए हासिल कर लिया। टीम की तरफ से तहलिया मैकग्रा ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 42 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन वह टीम की हार को नहीं टाल सकीं। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने पूजा वस्त्रकार की नाबाद 37 रनों की पारी के बूते 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 118 रन बनाए। 119 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में शिखा पांडे की गेंद पर एलिसा हीली महज 4 रन बनाकर क्लीन बोल्ड हो गईं। इसके बाद कप्तान मेग लेनिंग (15) ने बेथ मूनी के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े, लेकिन राजेश्वरी गायकवाड़ ने कंगारू टीम की कैप्टन को चलता किया। एशले गार्डनर (1) और एलिसा पैरी (2) भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। बेथ मूनी 34 रनों की अहम पारी खेलकर गायकवाड़ का दूसरा शिकार बनीं। एक छोर से लगातार विकेट गिरने के बावजूद मैकग्रा ने रनगति को बनाए रखा और टीम को जीत दिलाई। भारत की तरफ से राजेश्वरी गायकवाड़ ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाए। इससे पहले टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लेनिंग ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मैच के पहले ही ओवर में स्मृति मंधाना महज 1 रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद शेफाली वर्मा (3 रन) भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं।



# कश्मीर में हिंदुओं की हत्या के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन

## त्रिमुहानी पर जुटे कार्यकर्ताओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** कश्मीर घाटी में गत पांच दिनों में सात हिंदुओं की हत्या के खिलाफ आज विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया और आतंकवाद का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन के दौरान ज्ञानपुर के दुर्गागंज त्रिमुहानी पर जुटे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंकते हुए जिहादी आतंकवाद पर नकेल कसने की मांग उठी।

प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने कहा कि हिंदुओं के पुनर्वास व घाटी में उनके रहने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हिंदू समाज के पुनर्वास के बिना आतंकवाद पर लगाम मुश्किल है। हिंदुओं की लगातार चुन-चुनकर हत्या की जा रही है। इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कश्मीर में फिर से हिंदुओं को हटाने की साजिश रची जा रही है। यह भारतीय संस्कृति, एकता और अखंडता पर प्रहार है।

इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिहादी आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देना हम अच्छी तरह जानते हैं। बजरंगदल व विहिप का एक-एक कार्यकर्ता इसके लिए तत्पर है। आतंकवाद का राजनीतिक हथियार के रूप प्रयोग करने वाले जिहादी पाकिस्तान पर नकेल कसने के लिए विश्व समुदाय को भी आगे आना होगा। बलिदानी हिन्दू, सिखों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए विहिप का प्रत्येक कार्यकर्ता व संपूर्ण हिंदू समाज पीडित परिवार के साथ खड़ा है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। भारत जहरीले सांपों का सिर कुचलना अच्छी तरह जानता है।



## काशी नरेश महाविद्यायालय को मिले विश्वविद्यालय का दर्जा

### छात्रों ने निकाली रैली, सीएम योगी से की अपील

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** 1951 में स्थापित काशी नरेश राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किए जाने की मांग की गई है। अध्ययनरत छात्रों के साथ पुरा छात्रों ने आज रैली निकालकर प्रदेश सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। कहा कि यह सबसे पुराना कालेज है, लेकिन आज तक इसकी उपेक्षा जारी है। रैली में शामिल छात्रों ने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों ने भी कोई सहानुभूति नहीं दिखाई। छात्रों ने कहा कि इस मांग को लेकर कॉलेज के छात्रों द्वारा कई बार आंदोलन किया गया, लेकिन आंदोलन को धार देने वाला कोई जनप्रतिनिधि नहीं मिला। इसके पीछे के कई कालेज आज विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त विश्वविद्यालय के रूप में कार्य कर रहे हैं। पूर्व छात्र नेताओं के साथ वर्तमान छात्र नेताओं की रैली कालेज से चलकर नगर भ्रमण करते हुए दुर्गागंज त्रिमुहानी पर समाप्त हुई। कॉलेज के पूर्व छात्र नेता शुभम शुक्ला ने कहा कि आज की रैली उत्तर प्रदेश सरकार को यह बताने के लिए की जा रही है कि 1951 में स्थापित कॉलेज आज तक विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं प्राप्त कर सका। हम सब छात्र नेता उत्तर प्रदेश सरकार से यह कहना चाहते हैं कि अगर काशी नरेश राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए पैसे की दिक्कत आ रही है तो हम सभी छात्र चंदा इकट्ठा करेंगे। इस रैली में शिवम शुक्ला के साथ आनंद पांडेय, संतोष यादव, लवकुश यादव, विशाल मिश्रा, मुकेश तिवारी, राहुल गुप्ता, मनीष यादव, दीपक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# सूचीबद्ध की जाए थाना दिवस में आने वाली शिकायत

## जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा- भूमि विवाद में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर करवाएं निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** शासन की मंशा के अनुरूप समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ताकि फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच अब फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जाएगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला, तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

थाना कोइरौना/ऊंज में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जोर देते हुए कहा कि भूमि विवादों के शिकायतों को क्षेत्रवार सूची बद्ध किया जाए और राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया जाए, समय सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के टीमों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण करवाएं और कृत कार्यवाही से अवगत कराएं। इस मौके पर थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादीगण उपस्थित रहे।



## मंत्री अजय को बर्खास्त कर आरोपी पुत्र को गिरफ्तार करे सरकार

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुशीर इकबाल ने लखीमपुर खीरी मामलें में उच्चतम न्यायालय द्वारा यूपी सरकार को फटकार लगाने के बाद राज्य और केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। वरिष्ठ नेता मुशीर इकबाल ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री को फौरन बर्खास्त करने व उनके हत्या आरोपी पुत्र को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने ने कहा यूपी पुलिस गृह राज्य मंत्री के बेटे के साथ सरकार के दामाद जैसा बर्ताव करतें हुए समन-समन खेल रही है। वह 10 अक्टूबर को बनारस में राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी की होने वाली रैली में भदोही जनपद से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जगह-जगह बैठक कर के जनसम्पर्क कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यूपी में जंगल राज कायम है। लॉ आर्डर ध्वस्त हो गया है। प्रदेश की जनता प्रियंका के संघर्ष को देखते हुए प्रदेश की खुशहाली व सर्वांगीण विकास की काफी उमीदें उनसे लगाये हुए है। प्रियंका जी की यह रैली प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जनसंपर्क में करमचन्द बिंद व स्वालेह अंसारी साथ थे।

# उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर कर्मियों ने मांगा मेहनताना

## सूबे की राजधानी में चल रहे प्रदर्शन का किया समर्थन

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर।** बेसिल फ्रेंचाइजी के तहत बिजली विभाग में काम कर रहे लोगों को समय से वेतन नहीं मिल रहा है। मेहनताना नहीं मिलने से परेशान कर्मचारियों के सब्र का बांध आज टूट गया और 33/11 विद्युत उप केंद्र ज्ञानपुर में लोगों ने धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखा।

ज्ञानपुर नगर के विद्युत उपकेंद्र पर काम करने वाले कर्मचारियों ने कहा कि हमारे वेतन को माह के किसी एक तारीख को निर्धारित कर दिया जाए। इस संस्था से जुड़े सभी लोगों का एक मानदेय निर्धारित कर दिया जाए। सप्ताह में एक दिन छुट्टी सहित मांगों को लेकर कैंडिल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

कमिर्यों ने अपने संस्थान के द्वारा लखनऊ में हो रहे धरना-प्रदर्शन के समर्थन में यहां भी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष सरजू सागर यादव, सेराजू, राजन मौर्य, मनोज कुमार राय, दिलीप कुमार बिंद, चंद्रदेव पांडेय, रमेश चंद्र गौतम, सुरेंद्र यादव, दयाशंकर यादव, अभिनव श्रीवास्तव, श्याम प्रकाश श्रीवास्तव, विद्या यादव, शिव कुमार यादव, धर्मू सिंह, अरविंद कुमार दुबे, अहमद अली आदि लोग शामिल रहे।



# बिजली संकट : कोयले पर हाहाकार

## अंधेरे में डूबने का डर, समझिए संकट कितना बड़ा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश बिजली के बड़े संकट की चपेट में जाता दिख रहा है। राज्यों ने केंद्र सरकार से मदद मांगी है तो पावर सप्लाई करने वाली कंपनियां भी ग्राहकों से सोच समझकर बिजली खर्च करने को कह रही हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर ये स्थिति क्यों बन गई। इसका देश की इकोनॉमी और आप पर क्या-क्या असर पड़ सकता है। आइए सिलसिलेवार समझते हैं। क्यों है बिजली संकटः हमारे देश में करीब 72 फीसदी बिजली की मांग कोयले के जरिए पूरी की जाती है। कोयले से बिजली उत्पादन के बाद कंपनियां इंडस्ट्री से लेकर आम लोगों तक को सप्लाई करती हैं। इसके एवज में कंपनियां अपने ग्राहकों से यूनिट के हिसाब से बिजली बिल लेती हैं। असल वजह क्या हैः देश में कोयले की कमी आ गई है। इस कमी की वजह खपत का बढ़ जाना है। अगस्त 2021 से बिजली की मांग में बढ़ोतरी देखी जा रही है। अगस्त 2021 में बिजली की खपत 124 बिलियन यूनिट (बीयू) थी जबकि अगस्त 2019 में (कोविड अवधि से पहले) खपत 106 बीयू थी। यह लगभग 18-20 प्रतिशत की वृद्धि है। खतप क्यों बढ़ी हैः खपत बढ़ने की कई वजह है। सबसे पहली वजह अनलॉक की प्रक्रिया है। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के बाद अब देश की इंडस्ट्रियां लगभग पूरी तरह से काम कर रही हैं। इनका विस्तारिकरण हो रहा है। इसके अलावा सरकार का दावा है कि 'सौभाग्य' कार्यक्रम के तहत 28 मिलियन से अधिक घरों को बिजली से जोड़ा गया था और ये सभी नए उपभोक्ता पंखे, कूलर, टीवी आदि जैसे उपकरण खरीद रहे हैं। इस वजह से भी बिजली की खपत बढ़ी है। गर्मी की वजह से खपत को बूस्ट मिला है।

अचानक संकट क्यों आयाः ये संकट अचानक नहीं है। पिछले कई महीनों से हालात ठीक नहीं है। दरअसल, भारत में कोयले की स्टोरेज सीमित अवधि के लिए है। बिजली संयंत्रों में कोयले का औसत स्टॉक 3 अक्टूबर 2021 को लगभग चार दिनों के लिए था। हालांकि, यह एक रोलिंग स्टॉक है, कोयला खदानों से थर्मल पावर प्लांट तक हर दिन रेक के माध्यम से कोयला भेजा जाता है। एक तथ्य ये भी है कि अगस्त और सितंबर 2021 के



महीनों में कोयले वाले क्षेत्रों में लगातार बारिश हुई थी जिससे इस अवधि में कोयला खदानों से कम कोयला बाहर गया। आपको बता दें कि भारत दुनिया में कोयले का चौथा सबसे बड़ा भंडार है। हालांकि, खपत के मामले में भी हम कुछ कम नहीं हैं। यही वजह है कि भारत कोयला आयात करने में दुनिया में दूसरे नंबर पर है। यही वजह है कि सरकार कोयले के आयात में भी कमी लाने पर जोर दे रही है। हालांकि, इसके बावजूद कोयले का आयात बढ़ता ही जा रहा है। उपाय क्या हैः इसका तात्कालिक उपाय कोयले के आयात और बिजली खपत में कमी का है। इसके अलावा देश में कोयले के उत्पादन को बढ़ाना होगा। वहीं, वैकल्पिक एनर्जी की ओर भी तेजी से रुख करना होगा। हालांकि, ये सबकुछ इतना आसान नहीं है। अभी के संकट का आप पर असरः बहरहाल, इस संकट का पावर सप्लाई करने वाली कंपनियां महंगे दाम पर कोयले की खरीदारी करेंगी तो वसूली का जोखिम उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है। मतलब ये कि बिजली के दाम महंगे हो सकते हैं। ये हो सकता है कि आपको प्रति यूनिट बिजली इस्तेमाल करने के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे खर्च करने पड़े। इकोनॉमी पर क्या असर होगाः त्योहारी सीजन के दौर में बिजली का संकट देश की इकोनॉमी के लिए बुरी खबर है। कोरोना के झटके से उबर रही इकोनॉमी में सुस्ती आ सकती है। दरअसल, बिजली संकट की वजह से इंडस्ट्री में प्रोडक्शन, सप्लाई, डिलीवरी समेत वो सबकुछ प्रभावित होगा जो इकोनॉमी के लिए बूस्टर डोज होती हैं। इसका असर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर महंगाई से जोड़कर देखा जा सकता है।

सरकार पर क्या होगा असरः कोयले के आयात बढ़ने की वजह से सरकार का विदेशी मुद्रा भंडार ज्यादा खर्च होगा। चूंकि भारत के व्यापार में आयात डॉलर में होता है, इसलिए देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इसकी कमी देखने को मिल सकती है। ये इसलिए भी अहम है क्योंकि रिकॉर्ड स्तर पर जाने के बाद अब लगातार विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही है। फिलहाल, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 637.477 अरब डॉलर है। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी, इकोनॉमी के लिए अच्छे संकेत नहीं होते हैं। केंद्र सरकार क्या कर रहीः कोयले के स्टॉक का प्रबंधन करने और कोयले के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए विद्युत मंत्रालय ने 27 अगस्त 2021 को एक कोर मैनेजमेंट टीम (सीएमटी) का गठन किया था। इसमें एमओपी, सीईए, पोसोको, रेलवे और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के प्रतिनिधि शामिल थे। सीएमटी दैनिक आधार पर कोयले के स्टॉक की बारीकी से निगरानी और प्रबंधन कर रहा है। इसके साथ ही बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति में सुधार के लिए कोल इंडिया और रेलवे के साथ फॉलोअप कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है।

## सीबीआई डायरेक्टर सुबोध जायसवाल 14 अक्टूबर को हाजिर हों, मुंबई क्राइम ब्रांच ने भेजा समन, फोन टैपिंग से जुड़ा है मामला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने सीबीआई के निदेशक सुबोध जायसवाल को समन भेजा है। यह समन एक फोन टैपिंग और डेटा लीक केस से जुड़े एक मामले में भेजा गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने सीबीआई डायरेक्टर और महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी सुबोध कुमार जायसवाल को फोन टैपिंग और डेटा लीक के मामले में समन भेजा है। इस समन में मुंबई पुलिस की तरफ से कहा गया है कि वो अपना बयान दर्ज कराने के लिए 14 अक्टूबर को हाजिर हों। यह मामला उस वक्त का है जब आईपीएस अफसर रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र में स्टेट इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट की प्रमुख थीं। इस पद पर रहते हुए रश्मि शुक्ला ने अपनी एक रिपोर्ट बनाई थी जो लीक हो गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि पुलिस कमिन्यों के ट्रांसफर में भ्रष्टाचार किया गया है। उस वक्त सीबीआई के मौजूदा निदेशक जायसवाल डीजीपी के पद पर तैनात थे। आरोप है कि इस दौरान कई वरिष्ठ राजनेताओं और अधिकारियों के फोन अवैध रूप से टैप किये गये थे। जांच-पड़ताल के दौरान यह रिपोर्ट लीक हो गई थी। लेकिन साइबर सेल ने इससे संबंधित एफआईआर में रश्मि शुक्ला का नाम नहीं लिया है। सीबीआई निदेशक को यह समन ई-मेल के जरिए भेजा गया है। बता दें कि 1985 बैच के महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस अफसर सुबोध जायसवाल इसी साल केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई के निदेशक नियुक्त किये गये हैं।

## 'कोरोना माता' का मंदिर गिराया तो पहुंच गई कोर्ट, एससी ने महिला याचिकाकर्ता पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 'कोरोना माता' का मंदिर गिराए जाने के खिलाफ एक महिला अदालत पहुंच गई। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस महिला पर जुर्माना लगाया है। अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि यह न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक महिला द्वारा अपने पति के साथ मिलकर निर्मित ''कोरोना माता मंदिर'' को ध्वस्त किये जाने के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका ''प्रक्रिया का दुरुपयोग'' बताते हुए खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने याचिका खारिज करने के साथ ही याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। पीठ ने साथ ही कहा कि जिस जमीन पर मंदिर बनाया गया था, वह विवादित थी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता की दलील है कि यह उसकी निजी जमीन है और निर्माण स्थानीय नियमों के अनुसार किया गया है तो उसने उचित कानूनी उपाय का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा, ''अब तक, याचिकाकर्ता ने इस देश के लोगों को संक्रमित करने वाली अन्य सभी संभावित बीमारियों के लिए मंदिरों का निर्माण नहीं किया है। भूमि ही विवादित थी, जैसा कि दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस में एक शिकायत की गई थी। पीठ ने कहा, ''हमारा विचार है कि यह स्पष्ट रूप से भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस न्यायालय के अधिकार क्षेत्र की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। रिट याचिका को 5,000 रुपये का जुर्माना लगाने के साथ खारिज किया जाता है। जुर्माने की राशि चार सप्ताह के भीतर सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड वेलफेयर फंड में जमा करायी जाए।'' याचिकाकर्ता दीपमाला श्रीवास्तव ने मौलिक अधिकार के उल्लंघन को लेकर संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का उल्लेख करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

प्रतापगढ़ के जूही शुकुलपुर गांव में 'कोरोना माता' मंदिर का निर्माण किया गया था। मंदिर का निर्माण 7 जून को किया गया था और इस मंदिर 11 जून की रात को गिरा दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इसे पुलिस ने ध्वस्त कर दिया, जिसने आरोप से इनकार करते हुए कहा कि यह एक विवादित स्थल पर बनाया गया था और विवाद में शामिल पक्षों में से एक ने इसे तोड़ दिया। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर का निर्माण लोकेश कुमार श्रीवास्तव ने स्थानीय निवासियों के दान से किया था। उन्होंने 'कोरोना माता' की मूर्ति स्थापित की। गांव के राधेश्याम वर्मा को इसका पुजारी नियुक्त किया गया, जिसके बाद लोग वहां पूजा-अर्चना करने लगे थे। नोएडा में रहने वाले लोकेश का स्वामित्व जमीन पर नागेश कुमार श्रीवास्तव और जय प्रकाश श्रीवास्तव के साथ है।

## लखीमपुर में बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या अपराध नहीं राकेश टिकैत बोले- ना माना जाए दोषी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि लखीमपुर खीरी हिंसा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की लिंचिंग को वह गलत नहीं मानते। उन्होंने कहा कि वह एक्शन का रिएक्शन था, उसके पीछे कोई साजिश नहीं थी, इसलिए हम उसे गलत नहीं मानते हैं। टिकैत ने शनिवार को कहा कि वह उन्हें अपराधी नहीं मानते, जिन्होंने लखीमपुर खीरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर हत्या की क्योंकि उन्होंने तो प्रदर्शनकारियों के ऊपर एसयूवी कार चढ़ाए जाने की प्रतिक्रिया में ऐसा किया। संवाददाताओं द्वारा यहां पूछे गए एक सवाल के जवाब में टिकैत ने कहा कि लखीमपुर खीरी में कारों के एक काफिले ने चार किसानों को रौंद दिया, जिसके जवाब में भाजपा के दो कार्यकर्ता



मारे गए। यह हत्याएं एक्शन का रिएक्शन थी। मैं हत्या में शामिल लोगों को अपराधी नहीं मानता। वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा के नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि हमें लोगों की मौत पर दुख है, चाहे वह भाजपा कार्यकर्ता हों या किसान। यह दुर्भाग्यपूर्ण था और हमें उम्मीद है कि न्याय मिलेगा।किसान नेताओं ने मांग की कि केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा और उनके बेटे को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गिरफ्तार किया जाए। नेताओं ने कहा कि यह घटना एक सुनियोजित साजिश थी। योगेंद्र यादव ने कहा कि अजय मिश्रा को सरकार से हटा देना चाहिए क्योंकि उन्होंने यह साजिश रची और वह इस मामले में दोषियों को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर को दशहरे के दिन एसकेएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के पुतले जलाकर विरोध प्रदर्शन करेगा। दरअसल, 3 अक्टूबर को लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया क्षेत्र में गत रविवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध करने के दौरान हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मृतकों में दो भाजपा कार्यकर्ता, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के एक ड्राइवर और एक स्थानीय रिपोर्टर भी शामिल थे।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार सुबह साढ़े दस बजे क्राइम ब्रांच के ऑफिस पहुंचे। लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक विजय ढुल ने पूछताछ के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इस बीच, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा (टेनी) यहां अपने स्थानीय कार्यालय में थे और वकीलों से कानूनी राय ले रहे थे।

लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा को शुक्रवार को पुलिस ने दूसरी नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए शनिवार सुबह 11 बजे तक पेश होने का समय दिया था। आशीष मिश्रा शुक्रवार को लखीमपुर खीरी में पुलिस के सामने पेश नहीं हुए थे, इसलिए उनके घर के बाहर दूसरी नोटिस चस्पा किया गया था। गौरतलब है कि गृह राज्य मंत्री ने शुक्रवार को अपने बेटे को निर्दोष बताया था और कहा था कि उनका बेटा अस्वस्थ है और वह शनिवार को पुलिस के सामने पेश होगा।

## अखिलेश यादव ने दिया सीएम योगी के आरोप का जवाब, विदेश से क्या-क्या सीख कर आया

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस को लड़ाई में दिखाना भाजपा की रणनीति है। कांग्रेस के साथ उनकी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। उन्होंने कहा कि देश का कानून जीप के टायरों के नीचे रौंदा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विदेश यात्रा करने आरोप पर अखिलेश यादव ने कहा कि हम जब विदेश यात्रा गए तो कुछ न कुछ सीख कर आए। जर्मनी गए। वहां एक्सप्रेसवे देखा। हमने उत्तर प्रदेश में उसी तरह आगरा एक्सप्रेसवे वे बनवाया। लंदन की नदी देखी। यहां लखनऊ में रिवर फ्रंट बनवाया। एक्सप्रेस वे सहित अन्य बड़े कार्य वहां की स्थिति देखने के बाद ही तय किए गए थे। मुख्यमंत्री भी कई बार विदेश जा चुके हैं लेकिन लौटने के बाद यूपी के लिए कुछ नहीं किया।



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या की गई है। इसके बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे। उन्हें सम्मन नहीं गुलदस्ते भेंट किए जा रहे हैं। इस मामले की जांच में जानबूझ कर देरी की जा रही है ताकि किसानो को इंसाफ न मिल सके। उत्तर प्रदेश में जंगलराज चल रहा है। अगले साल विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया तय है। कांग्रेस की यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी की प्रदेश में सक्रियता के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह भाजपा की योजना का हिस्सा है कि वह कांग्रेस को लड़ाई में दिखाए। हमारा किसी से कंपटीशन नहीं है। प्रदेश में होने वाली हर घटना में समाजवादी लोग मदद में आगे रहते हैं। वह भी आधी आधी रात पीडि़तों से मिलते हैं और उनकी मदद कराते हैं लेकिन इसमें किसी से कोई कंप्टीशन नहीं है।

### बांग्लादेशः 18 लोगों से भरी नाव नदी में पलटी, 5 लाशें बरामद; कई लोग अब भी लापता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में स्थित एक नदी में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि इस नाव पर 18 लोग सवार थे। नाव अचाकन बीच नदी में पलट गई। अब तक 5 लोगों के शव बरामद किये जा चुके हैं। नदी में नाव पलटने की यह घटना राजधानी ढाका के बाहरी इलाकों में शनिवार को हुई है। फायर सर्विस और सिविल डिफेंस मुख्यालय के ड्यूटी ऑफिसर खालेदा यास्मिन ने 'गहर्ल्ली' को बताया कि इस हादसे के बाद कम से कम 5 लाशें बरामद की गई हैं। तीन लड़कों के अलावा एक महिला और लड़की का शव भी मिला है।

## तालिबान की यूएस को दो टूक, नहीं चाहिए आईएसआईएस से लड़ाई में सहयोग, हम अकेले ही उनसे निपट लेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तालिबान ने कहा है कि उसे इस्लामिक स्टेट से लड़ने के लिए अमेरिका के सहयोग की जरुरत नहीं है। तालिबान ने अमेरिका से दो टूक कहा है कि वो आईएसआईएस से निपटने में खुद ही सक्षम है। पुराने शत्रु रहे तालिबान और अमेरिका के अधिकारी शनिवार और रविवार को एक जगह जमा होने वाले हैं और दोनों देशों के अधिकारियों के बीच कई मुद्दों पर बातचीत होनी है। कतर की राजधानी दोहा में तालिबान के वरिष्ठ अधिकारी और यूएस के प्रतिनिधियों की यह मुलाकात शनिवार और रविवार को होनी है। इस बैठक से पहले तालिबान ने साफ किया है कि कई वो अहम मुद्दों पर किसी भी तरह



के समझौते के लिए तैयार नहीं है। इस बैठक को लेकर तालिबान और यूएस के अधिकारियों ने पहले बताया था कि इस बैठक में आईएसआईएस पर लगाम कसने और अफगान से विदेशी नागरिकों के बाहर निकलने में आ रही परेशानियों के विषय पर चर्चा होगी। तालिबान ने पहले ही इशारा किया है कि वो नागरिकों के अफगानिस्तान से निकलने के मुद्दे पर लचीला रवैया अपनाएगा। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने न्यूज एजेंसी एपी से बातचीत में कहा कि अफगानिस्तान में काफी तेजी से सक्रिय हुए इस्लामिक स्टेट ग्रुप को लेकर वॉशिंगटन से कोई सहयोग नहीं चाहिए। बता दें कि आईएस ने अफगानिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली थी। इसमें हाल ही में हुआ एक सुसाइड अटैक भी शामिल है, जिसमें 46 लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग जख्मी हो गए थे।

जब सुहैल शाहीन से पूछा गया कि क्या तालिबान इस्लामिक स्टेट से निपटने के लिए यूएस के साथ काम करेगा। इसपर शाहीन ने कहा कि 'हम अकेले ही उनसे निपटने में कारगर हैं। आईएस ने साल 2014 से अफगानिस्तान में पांव पसारना शुरू किया था। तब से इस खूंखार आतंकी संगठन ने कई शिया मुस्लिमों को मौत के घाट उतारा है। इसके अलावा आईएस यूनाइटेड स्टेट्स के लिए भी बेहद ही खतरनाक साबित हुआ है। इसी साल अगस्त के महीने में अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान से लौटे हैं। 20 साल तक वहां रहने के बाद अमेरिकी सैनिकों के वापस आने के बाद तालिबान ने आक्रमकता दिखाते हुए अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद दोहा में यूएस और तालिबान के बीच होने वाली यह पहली बैठक है। यूएस ने साफ किया है कि यह बैठक तालिबान को स्वीकृति देने से संबंधित बिल्कुल नहीं है। दोहा में बातचीत के दौरान यूएस के अधिकारी तालिबान को उसके उस वादे की भी याद दिलाएंगे जिसमें उसने कहा था कि वो अमेरिकियों और अन्य देशों के नागरिकों को अफगानिस्तान छोड़ कर जाने की अनुमति देगा। इसमें अफगानी भी शामिल हैं। अभी हाल ही में पाकिस्तानी अधिकारियों औ? यूएस के अधिकारियों के बीच एक बैठक इस्लामाबाद में हुई थी। इस बातचीत के दौरान भी अफगानिस्तान ही मुख्य मुद्दा था।

## अफगान से वापसी के बाद पहली बार तालिबान संग बातचीत करेगा अमेरिका, क्या होगा एजेंडा?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान से अपनी सेना हटाने के बाद पहली बार अमेरिका ने तालिबान के साथ बैठक करने की घोषणा की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि अमेरिका कतर की राजधानी दोहा में तालिबान के वरिष्ठ नेताओं के साथ अपनी पहली व्यक्तिगत बातचीत करेगा। यह बैठक इस वीकेंड पर होगी। अमेरिका और तालिबान के बीच होने वाली बैठक में कई एजेंडे शामिल होंगे। एजेंसियों ने कहा कि इस मीटिंग का उद्देश्य अफगानिस्तान से फंसे विदेशी नागरिकों और जोखिम वाले अफगानों की निकासी को आसान बनाना होगा। इसके अलावा



अमेरिका अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों को लेकर भी तालिबान पर दबाव बनाएगा। अमेरिका ने जोर देकर कहा कि शनिवार और रविवार को होने वाली इस बैठक से यह संकेत नहीं मिलता कि वह अफगानिस्तान में तालिबान शासन को मान्यता दे रहा है। प्रवक्ता ने कहा, ठहम इसके लेकर साफ हैं कि तालिबान को कार्यों के जरिए ही हमारी वैधता हासिल करनी होगी।

एसोसिएटेड प्रेस ने एक अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि वीकेंड की यह वार्ता तालिबान नेताओं को प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगी कि वे अमेरिकियों और अन्य विदेशी नागरिकों को अफगानिस्तान छोड़ने की अनुमति दें, साथ ही उन अफगानों को भी जो कभी अमेरिकी सेना या सरकार और अन्य अफगान सहयोगियों के लिए काम करते थे। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका भी महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों का पालन करने के लिए तालिबान पर दबाव बनाना चाहता है। प्रवक्ता ने शुक्रवार को एएफपी के हवाले से कहा, ठहम महिलाओं और लड़कियों सहित सभी अफगानों के अधिकारों का सम्मान करने और व्यापक रूप से समर्थन के साथ एक समावेशी सरकार बनाने के लिए तालिबान पर दबाव डालेंगे।

प्रवक्ता ने शुक्रवार को एएफपी के हवाले से कहा, ठअफगानिस्तान एक गंभीर आर्थिक संकुचन और संभावित मानवीय संकट की संभावना का सामना कर रहा है, हम तालिबान पर भी मानवीय एजेंसियों को जरूरत के क्षेत्रों में मुफ्त पहुंच की अनुमति देने के लिए भी दबाव डालेंगे। एक प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि दोनों पक्षों का प्रतिनिधित्व कौन करेगा। मध्य कमान के प्रमुख जनरल फ्रैंक मैकेंजी सहित वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने अगस्त में काबुल में तालिबान से मुलाकात की थी, जब अमेरिकी सैनिकों ने एयरलिफ्ट के लिए हवाई अड्डे पर कब्जा कर लिया था।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025